आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 35- ● जबलपुर ● सोमवार, 6 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## अमेरिका में हाउस पार्टी के दौरान गोलीबारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका से बड़ी खबर आ रही है। यहां जॉर्जिया के डगलस काउंटी में एक हाउस पार्टी के दौरान दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस पार्टी में 100 से ज्यादा नाबालिग शामिल होने पहुंचे थे। गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने सीएनएन को बताया कि ये घटना अटलांटा से लगभग 20 मील पश्चिम में डगलसविले शहर में हुई है। घर के मालिक के अनुसार, उन्होंने अपनी बेटी के 16वें जन्मदिन पर यह पार्टी आयोजित की थी। बेटी के 100 से ज्यादा दोस्त इस पार्टी में शामिल हुए थे। इस दौरान कुछ लोग मारिजुआना धूम्रपान करने लगे। जिसके बाद उन्होंने 10 बजे पार्टी खत्म करने का फैसला किया। इसी दौरान गोलीबारी हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।


## लड़कियों के लिए नौसेना में अवसर

**इंदौर,ईएमएस।** महिलाओं को सशक्त बनाने की अपनी खोज में भारतीय नौसेना ने लड़कियों के लिए एक अग्रिम अधिसूचना जारी की है। यह अवसर पहले केवल लड़कों के लिए था, जिसमें 35 रिक्तियों में से पांच शिक्षा शाखा के लिए और तीस नौसेना की कार्यकारी और तकनीकी शाखा के लिए थी। नौसेना लड़कियों और लड़कों के लिए मई 2023 में अधिसूचना प्रकाशित करेगी जिसमें 12वीं कक्षा में पीसीएम में पात्रता 70 प्रतिशत से ऊपर होगी और शार्ट लिस्टिंग जेईई मेन्स अखिल भारतीय सामान्य योग्यता सूची पर आधारित होगी। जन्मतारीख दो जुलाई 2004 से एक जनवरी 2005 के बीच होनी चाहिए।

# सीन के दौरान घायल अमिताभ, पसली में लगी चोट

■ हैदराबाद, एजेंसी।

अमिताभ बच्चन के फैंस के लिए बुरी खबर सामने आई है। हैदराबाद में शूटिंग के दौरान बच्चन जख्मी हो गए हैं। एक्शन सीन करते हुए बिग बी को चोट लग गई। ऐसे में शूटिंग कैंसिल कर दिया गया है। एक्टर फिलहाल डॉक्टर्स की निगरानी में है। उनका इलाज चल रहा है।अमिताभ बच्चन ने इस हादसे की जानकारी दी है। बताया कि हैदराबाद में प्रोजेक्ट के की शूटिंग के दौरान चोट लगी। ये एक्सीडेंट एक्शन शूट के समय हुआ। बच्चन को पसली में चोट आई है। एक्टर ने बताया, पसली में कार्टिलेज पॉप हो गया है। दाहिनी रिब केज साइड की मांसपेशी फट गई है। हैदराबाद के AIG हॉस्पिटल में अमिताभ बच्चन का सीटी स्कैन किया गया। इलाज के बाद अभिनेता घर वापस आ गए हैं। डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने को कहा है।



### शूटिंग रोकी गई

अमिताभ बच्चन को चोट लगाने के बाद शूटिंग को रद्द कर दिया गया है। जब तक अभिनेता पूरी से ठीक नहीं हो जाते, तब तक मूवी या शूटिंग से संबंधित कोई काम नहीं होगा। बिग बी फिलहाल अपने घर जलसा में आराम कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, चरिब केज में मांसपेशी फट गई है। शूटिंग को रद्द कर दिया गया है। पट्टी बांधी गई है और इलाज किया जा रहा है। काफी ज्यादा दर्द हो रहा है। हिलने-डुलने में तकलीफ हो रही है। सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है। इस दर्द के लिए मुझे कुछ दवाएं दी गई हैं। ठीक होने में अभी कुछ हफ्ते लगेंगे।

### सांस लेने में हो रही परेशानी

बिग बी ने बताया कि उन्हें काफी दर्द हो रहा है। मूव करने और सांस लेने में परेशानी हो रही है। ठीक होने में अभी समय लगेगा। एक्टर को दवाइयां दी गई है। डॉक्टर्स ने उन्हें कुछ पेन किलर्स दी हैं, ताकि दर्द से जल्द आराम मिल सके।

### अमिताभ ने लिखा- जलसा पर फैंस से नहीं मिल पाऊंगा

बिग बी ने लिखा, जब तक मैं ठीक नहीं हो जाता, तब तक के लिए सारा कामकाज बंद कर दिया गया है। मैं जलसा में आराम कर रहा हूं। जरूरी चीजों के लिए ही थोड़ा बहुत चलूंगा। हां, आराम तो चलता ही रहेगा। मेरे लिए यह कहना काफी मुश्किल है पर मैं जलसा के गेट पर अपने चाहने वालों से नहीं मिल पाऊंगा तो वो ना आएं। आप उन लोगों को भी यह बात बता दें, जो जलसा आने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा बाकी सब ठीक है।

### दिवाली से पहले भी घायल हुए थे अमिताभ

अमिताभ बच्चन ने दिवाली से ठीक पहले अपने पैर की नस कटने की जानकारी दी थी। उन्होंने खुद एक ब्लॉग के जरिए बताया था कि पैर की नस कटने पर खूब खून बहा। उन्हें अस्पताल का चक्कर भी काटना पड़ा, जहां डॉक्टर्स ने उनके पैर पर टांके लगाए थे। अमिताभ बच्चन ने अपने पर्सनल ब्लॉग से इस घटना की जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा था- मेटल के एक टुकड़े ने मेरे बाएं पैर के काफ को काट दिया, जिससे नस कट गई थी। नस कटते ही मेरे पैर से काफी खून बहा। समय पर स्टार और डॉक्टर्स की टीम की मदद से मैं समय पर ठीक हो सका। ऑपरेशन थिएटर ले जाकर मेरे पैर में टांके लगाए गए।

## » न्यूज गैलरी

### पूर्व सीएम राबड़ी देवी के घर पहुंची CBI डिप्टी सीएम तेजस्वी भी मौजूद

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर आ रही है। पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास पर सीबीआई पहुंची है। और घर में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद है। सीबीआई की टीम तड़के सुबह ही पहुंच गई थी। लेकिन किस मामले में तलाशी ली जा रही है इसकी अभी तक पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। कुछ दिन पहले सीबीआई ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के नाम पर दर्ज मामले में 24 जगहों पर छापेमारी की थी। आरोप है कि जिस समय लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे उस समय उनके कार्यालय में रेलवे में नियमों को ताक पर रखकर भर्तियां की गई और नौकरी के बदले जमीन ली गई। सीबीआई ने 23 सितंबर 2021 को प्रारंभिक जांच शुरू कीसीआई की सामने आया कि रेलवे की भर्ती प्रक्रिया में पोटाला हुआ है. इसके बाद CBI ने 18 मई 2022 को FIR दर्ज कर भी इसमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा वादव समेत अन्य लोगों के नाम है। आरोप है कि जब लालू यादव रेल मंत्री थे तो जॉब लगवाने के बदले जमीन और प्लॉट लिए गए थे।



### मनीष सिसोदिया की CBI रिमांड खत्म

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया को CBI आज दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश करेगी। यहां से उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा जा सकता है। 4 मार्च को कोर्ट ने सिसोदिया की सीबीआई रिमांड दो दिन (6 मार्च) के लिए बढ़ा दी थी, जो आज पूरी हो रही है। हालांकि CBI ने कोर्ट से तीन दिन के लिए उनकी कस्टडी मांगी थी। सिसोदिया की जमानत याचिका पर कोर्ट 10 मार्च को दोपहर 2 बजे फैसला सुनाएगा। CBI ने उन्हें 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। 27 फरवरी को उनकी कोर्ट में पेशी हुई, यहां से सिसोदिया को 5 दिन की CBI रिमांड पर भेजा गया था।



### पहली बार INS विक्रांत पर नौसेना कमांडरों की बैठक

**नई दिल्ली,ईएमएस।** भारत के पहले स्वदेशी प्लेन करियर शिप INS विक्रांत पर पहली बार नौसेना कमांडरों की बैठक होगी। यह बैठक आज समुद्र के बीचोबीच होगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सेना को संबोधित करेंगे। नौसेना के टॉप कमांडरों के साथ देश की सुरक्षा और सैन्य रणनीति को लेकर चर्चा करेंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) अनिल चौहान, आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे और एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी नौसेना के कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे, ताकि तीनों सेनाओं के बीच अच्छा तालमेल बैठ सके। बैठक में पिछले 6 महीनों के दौरान किए गये ऑपरेशन, लॉजिस्टिक, ट्रेनिंग, और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होगी। इसके अलावा हिंद महासागर में चीन की बढ़ती एक्टिविटी पर भी चर्चा हो सकती है। मार्च के अंत में अग्निवीरों का पहला बैच INS चिल्का से पास आउट होने वाला है। इसमें महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। बैठक में अग्निपथ योजना को लेकर भी बातचीत की जाएगी।



# नागालैंड में नहीं होगा कोई विपक्ष?

## चुनाव जीतने वाले ज्यादातर दलों ने NDPP-BJP गठबंधन को दिया समर्थन

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

नागालैंड विधानसभा एक बार फिर से विपक्षविहीन होने की तरफ आगे बढ़ रहा है। यहां चुनाव में बहुमत हासिल करने वाली एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को चुनाव जीतने वाले लगभग सभी दलों ने बिना शर्त समर्थन दिया है। पिछली बार यानी 2018 में भी यही हुआ था। तब भी नागालैंड के सारे 60 विधायक सरकार में शामिल थे।

इस बार नागालैंड में सबसे ज्यादा राजनीतिक दलों ने जीत हासिल की है। दो मार्च को चुनाव के नतीजे आए थे। आंकड़ों के अनुसार, NDPP को 25, भाजपा को 12 सीटों पर जीत मिली थी। इन दोनों पार्टियों ने चुनाव से पहले ही गठबंधन कर लिया था। एनसीपी तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। इनके सात सदस्यों ने चुनाव में जीत हासिल की थी। इसके अलावा एनपीपी के पांच, चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास), एनपीएफ, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के दो-दो सदस्यों ने जीत हासिल की थी। जेडीयू के टिकट पर एक प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। ये पहली बार है जब इतने सारे राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने चुनाव में जीत हासिल की हो।



### पहले भी बिना विपक्ष वाली सरकार बनी है

ये पहली बार नहीं है, जब नगालैंड में बिना विपक्ष वाली सरकार बनी है। इसके पहले 2015 और 2021 में सरकार के चालू कार्यकाल के दौरान विपक्ष-रहित सरकारें बनीं। हालांकि यह पहली ऐसी विधानसभा होगी, जो सदन के शपथ लेने से पहले ही विपक्ष-रहित होने वाली है।

### बिना शर्त इन पार्टियों ने भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन का दिया समर्थन

एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को लगभग सभी दलों ने बिना शर्त समर्थन दिया है। सूत्रों के अनुसार, लोजपा (रामविलास), आरपीआई (अठावले), जद (यू) पहले ही गठबंधन सहयोगियों को समर्थन पत्र सौंप चुके हैं। एनसीपी ने शनिवार को नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली एनडीपीपी को चबिना शर्तज समर्थन देने वाला एक पत्र सौंपा। इसी तरह, एनपीएफ के महासचिव अचुम्बेमो किकोन ने कहा कि उनकी पार्टी भी एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन को समर्थन दे सकती है। हालांकि अभी इसपर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। एनपीएफ के समर्थन देते ही नागालैंड में सर्वदलीय सरकार बन जाएगी।

# कश्मीर में 34 साल बाद 200 फिल्मों की शूटिंग

**साऊथ, बॉलीवुड, टॉलीवुड सहित रीजनल फिल्म प्रोड्यूसर आ रहे**


■ श्रीनगर, ईएमएस।

फिल्मी पर्दे पर कश्मीर का सौंदर्य फिर निखर रहा है। पिछले दो साल के दौरान बॉलीवुड की 200 फिल्मों, वेब सीरीज और एल्बम की शूटिंग को यहां मंजूरी प्रदान की गई। ये पिछले 34 साल का रिकॉर्ड आंकड़ा है। कश्मीर 90 के दशक की शुरुआत से आतंकवाद की गरमी से झुलसने लगा था। अब सुरक्षा की दृष्टि से हालात काफी हद तक बेहतर हो गए हैं। बॉलीवुड सहित दक्षिण भारतीय फिल्मकार भी यहां पर शूटिंग कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर फिल्म विकास परिषद (जेकेएफडीसी) का गठन 2021 में हुआ था। फिल्म शूटिंग की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था है। अब तक लगभग एक हजार से ज्यादा कलाकारों का जेकेएफडीसी में रजिस्ट्रेशन है। इससे स्थानीय कलाकारों को काम मिलने में आसानी होती है।



### नए डेस्टिनेशन की तलाश

जम्मू-कश्मीर में फिल्मों की 90त्न शूटिंग कश्मीर में होती है। फिल्मकार अब कश्मीर के गुलमर्ग, पहलगाम, डल लेक जैसे परंपरागत स्थलों के अलावा नए डेस्टिनेशन जैसे बांदीपोरा के गुरेज और वूलर, दूधपथरी और योशमर्ग में शूटिंग कर रहे हैं।



यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

**किसी और से शादी न कर सके**

## सनकी ने डॉक्टर की बेटी के सीने पर ब्लेड से लिख दिया अपना नाम

■ कानपुर, एजेंसी।



यूपी के कानपुर से एक दिल दहलाने वाली घटना प्रकाश में आई है। सिरफिरे बॉयफ्रेंड ने छात्रा के सीने पर ब्लेड से अपना नाम लिख दिया, ताकि वो किसी से शादी न कर सके। इसके साथ ही लाइटर से बाल भी जलाए। पीड़िता के पिता का दर्द पुलिस के सामने फूट पड़ा। पिता ने रोते हुए पुलिस को बताया कि बेटी के वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ रेप करता रहा। हुक्काबार में भी बेटी से रेप किया और उसके दोस्तों ने भी रेप की कोशिश की। पुलिस ने रविवार की रात आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। बर्रा थाना क्षेत्र स्थित रहने वाले दंपती पेशे से डॉक्टर हैं। पति-पत्नी कानपुर देहात के एक हॉस्पिटल में तैनात हैं। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि मेरी बेटी 16 वर्ष की है। उसके इंस्टाग्राम दोस्त विनय ठाकुर ने शुक्रवार को कर्रही स्थित एमजी हुक्काबार में बुलाया। वहां पर उसे हुक्का पिलाया और फिर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद उसके साथ रेप किया। विनय ठाकुर के दोस्तों ने भी बेटी के साथ रेप करने का प्रयास किया। आरोपियों ने दांतों से काटा है।

### वीडियो वायरल करने की देता था धमकी

नाबालिग के पिता ने पुलिस को बताया कि 16 साल की इकलौती बेटी है। कुछ साल पहले विनय ठाकुर नाम के युवक से बेटी की दोस्ती हो गई। उस युवक ने बेटी का अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जब इसकी जानकारी हुई तो लोकलाज के डर से बेटी को 2020 में कोटा पड़ाई करने के लिए भेज दिया था। उन्होंने बताया कि विनय बेटी का पीछा करते हुए कोटा पहुंच गया था।

# राहुल बोले- देश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा छिपा हुआ मुद्दा, साहस और कायरता के बीच है लड़ाई

## विपक्ष को संसद में मुद्दे उठाने की इजाजत नहीं

■ लंदन, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों लंदन यात्रा पर हैं, पहले कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और अब लंदन में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की है। लंदन में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पाया कि देश में मुख्य मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी हैं। इसके अलावा महिलाओं के खिलाफ हिंसा भी एक छिपा हुआ मुद्दा है। रविवार को लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मुझे भारतीय राजनीति और वैश्विक राजनीति पर बात करने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में बोलने की अनुमति दी गई थी, जो मैंने किया, और वहां काफी अच्छा माहौल है। मैं सोच रहा था कि जब मैं वहां बोल रहा था, यह काफी अजीब है कि एक भारतीय राजनेता कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और हार्वर्ड विश्वविद्यालय में भाषण दे सकता है, लेकिन वह भारत के एक विश्वविद्यालय में भाषण नहीं दे सकता है। केंद्र पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि विपक्ष को संसद में मुद्दे उठाने की इजाजत नहीं है।किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि एक या दो व्यवसायी लगभग हर व्यवसाय को नियंत्रित करते हैं। वह हाल ही में प्रसिद्ध हुए हैं, आप उनकी संपत्ति पर रिपोर्ट देख सकते हैं। यह भारतीय लोगों की कीमत पर है। एक व्यक्ति अपने राजनीतिक संबंधों के कारण सारा पैसा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विपक्ष के किसी भी विचार और विपक्ष की किसी भी अवधारणा पर चर्चा करने की अनुमति नहीं देती है। राहुल बोले कि विपक्ष को संसद में चीनी सैनिकों की भारत में घुसपैठ का मुद्दा उठाने की इजाजत नहीं है।संसद भवन में भी ऐसा ही होता है, जब हमें महत्वपूर्ण चीजों के बारे में बात करनी होती है और नोटबंदी, जीएसटी, चीनीयों का हमारे क्षेत्र के अंदर आना जैसे सवालों को उठाने की कोशिश करते हैं, तो हमें उन्हें सदन में उठाने की अनुमति नहीं दी जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि यह एक सच्चाई है, यह शर्मनाक है, लेकिन यह सच है, और यह वह भारत नहीं है जिसके हम सभी आदी हैं। हमारा देश एक खुला देश है जहां हम अपनी बुद्धिमत्ता पर गर्व करते हैं, एक-दूसरे की राय का सम्मान करते हैं, एक-दूसरे की बात सुनते हैं जो अब नष्ट हो चुका है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के पीछे का मकसद सीधे जनता के बीच जाना है।



### महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं के खिलाफ हिंसा देश में प्रमुख मुद्दे

कांग्रेस नेता राहुल ने कहा कि भारत में कई महान लोग यात्रा पर गए हैं, सबसे प्रसिद्ध यात्रा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा की गई थी। विवेकानंद जी जाहिर तौर पर देश भर में चले। गुरु नानक जी देश भर में चले। लोगों की एक सूची है, जिन्होंने यात्रा के इस विचार का उपयोग किया। और यह यात्रा वास्तव में एक आत्मनिरीक्षण है, लोगों को सुनने का प्रयास है, और लोगों की आवाज सुनने का प्रयास है। यात्रा के बारे में बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं के खिलाफ हिंसा देश में प्रमुख मुद्दे हैं।

# उमेश पाल हत्याकांड में पहली गोली मारने वाला उस्मान भी एनकाउंटर में ढेर



■ प्रयागराज, ईएमएस।

प्रयागराज में 24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस ने दूसरा एनकाउंटर भी कर दिया है। उमेश पाल को पहली गोली मारने वाला विजय कुमार उर्फ उस्मान चौधरी एनकाउंटर में मारा गया है। पहले खबर आई थी कि एककाउंटर में वह घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है, लेकिन अब उसके मारे जाने की पुष्टि कर दी गई है। उमेश पाल हत्याकांड में उत्तर प्रदेश पुलिस इससे पहले भी एक एनकाउंटर कर चुकी है, जिसमें पुलिस ने अतीक अहमद के करीबी अरबाज को मार गिराया था। पुलिस को जानकारी मिली है कि उमेश पाल की हत्या में जिस क्रेटा कार का इस्तेमाल किया गया था, उसे अरबाज ही चला रहा था। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में 24 फरवरी को उमेश पाल की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। उसके बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक्शन में आ गई और माफिया पर पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। हत्याकांड में एक और आरोपी का एनकाउंटर कर दिया गया है।

# यूट्यूब देखकर 15 साल की नाबालिग ने बच्ची को जन्म दिया

## फिर नवजात को मारकर डिब्बे में छिपा दिया

■ नागपुर, एजेंसी।



महाराष्ट्र के नागपुर शहर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां यूट्यूब देखकर एक 15 साल की नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया और फिर उसे मारकर एक डिब्बे में बंद कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सोशल मीडिया के जरिए लड़की एक युवक से मिली थी। जिसके बाद दोनों के बीच जान-पहचान हुई। युवक ने बच्ची का यौन शोषण किया था। बाद में बच्ची गर्भवती हो गई। पुलिस के मुताबिक, नागपुर के अंबाझरी इलाके की बच्ची ने अपनी मां को तबियत खराब होने की बात कहकर गर्भवती होने की बात छिपाई। किसी को मालूम न चले इसके लिए उसने यूट्यूब पर वीडियो देखना शुरू किया। दो मार्च को वीडियो देखकर उसने घर पर ही एक बच्ची को जन्म दिया और तुरंत नवजात की गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को उसने अपने घर में एक डिब्बे में छिपा दिया। पुलिस के अनुसार, जब किशोरी की मां घर पहुंची तो उन्होंने उसके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। उन्होंने कहा, च्लड़की ने आपबीती अपनी मां को बताई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। नवजात के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

**क्राईम** | **दो माह तक पानी टंकी में छिपा रखा था**

# पत्नी की हत्या कर शव को पांच टुकड़ों में काटा

**बिलासपुर, एजेंसी।** चोरी का सामान खोज रही पुलिस को पानी की टंकी से बदबू आई। झांककर देखने से पता चला कि प्लास्टिक से लिपटा हुआ कुछ है। निकालकर देखा गया तो पुलिस के पैरों तले जमीन खिसक गई। एक महिला का शव पांच टुकड़ों में था। युवक से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपनी पत्नी की हत्या करने की बात कबूल कर ली। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपित को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली कि तखतपुर निवासी पवन सिंह ठाकुर उसलापुर में किराए के मकान में रहता है। उसकी गतिविधियां संदिग्ध है। युवक तखतपुर में हुई चोरी के मामले में शामिल रहा है। इस पर जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में वह गोलमोल जवाब दे रहा था। इस पर जवान उसे लेकर उसके किराए के मकान में उसलापुर पहुंचे। यहां युवक की मौजूदगी में तलाशी करते हुए जवान छत पर पहुंचे। इस बीच जवानों को बदबू आई। इस पर एक जवान ने छत पर रखी पानी की टंकी में झांककर देखा।अंदर प्लास्टिक में पैक एक बैगनुमा सामान से बदबू आ रही थी। इस पर जवानों ने इसके संबंध में पूछताछ की। इस पर युवक टालमटोल करने लगा। कड़ाई करने पर उसने बताया कि दो महीने पहले अपनी पत्नी सीता साहू की हत्या कर शव को टंकी में डाल दिया है। इसे सुनते ही जवान सकते में आ गए। घटना की जानकारी तत्काल अधिकारियों को दी गई। साथ ही सकरी पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। इस पर सकरी पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को टंकी से निकलवाया गया। इसके बाद शव चीरघर भेज दिया गया है। इधर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। उससे घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है।



### अवैध संबंध की आशंका पर हत्या

प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि युवक मूल रूप से तखतपुर का रहने वाला है। उसने दूसरी जाति की युवती सीता साहू से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद वह सीता के साथ उसलापुर में किराए के मकान में रहता था। दोनों के बीच अवैध संबंध की आशंका पर आए दिन विवाद होता था। इसी कारण युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी।

### नकली नोट मिलने की भी चर्चा

मकान की छत पर रखी पानी की टंकी से महिला की लाश मिलने के बाद मोहल्ले में तरह-तरह की चर्चा रही। लोगों के बीच चर्चा रही कि युवक कोई काम नहीं करता था। इसके बाद भी वह आराम से रहता था। इसके लिए वह शहर में नकली नोट का उपयोग करता था। पुलिस उससे नकली नोट के संबंध में ही पूछताछ करने आई थी। आसपास के लोगों के बीच उसकी गतिविधियां संदिग्ध थी।



# तो कहां से लाएं ट्रैफिक सेंस....

# सड़क से चौराहे तक गायब हो गई आटो लेन, चालक कर रहे मनमानी



**जबलपुर,यशभारत ।** शहर में एक बार फिर ऑटो की धमाचौकड़ी से यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। ऑटो के नियंत्रित संचालन के लिए करीब चार साल पहले नगर निगम, स्मार्ट सिटी, आरटीओ और यातायात पुलिस ने बैठक कर आटो खड़े करने और सवारी बैठाने के लिए शहर के करीब 17 चौराहों व मुख्य मार्गों पर स्थल निर्धारित किए थे। इन स्थलों पर आटो लेन भी बनाई गई थी। व्यवस्था ऐसी थी कि आटो चालकों इसी आटो लेन के भीतर से आएंगे और तत्काल सवारी बैठाकर रवाना हो जाएंगे। लेकिन समय के साथ जिम्मेदारों की बेरुखी से ये व्यवस्था चौपट हो गई। आटो लेन जहां गायब हो गई वहीं जिम्मेदार भी व्यवस्था का पालन कराने में फेल रहे। मौजूदा दौर में सवारी बैठाने के चक्कर में फिर से आटो चालक शहर के मुख्य मार्ग, चौराहे पर धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। जिससे यातायात व्यवस्था जहां बिगड़ हो रही है वहीं वाहन चालक व राहगीरों की फजीहत हो रही है।

**चौराहे पर घेर कर खड़े हो रहे आटो-** वर्तमान में हर सड़क, चौराहे पर आटो वाले की मनमानी से यातायात बिगड़ रहा है। शहर के व्यस्ततम चौराहे कहे जाने वाले मालगोदाम, मालवीय चौक, तीन पत्ती, शास्त्रीब्रिज, भंवरताल, छोटीलाइन फाटक, अधारताल, रद्दीचौकी, गोहलपुर, दमोहनाका सहित अन्य चौराहों पर आटो पूरी सड़क घेरकर खड़े किए जा रहे हैं। जिसकी जहां

### इन्होंने कहा........

हां ये सही है कि निर्माण व विकास कार्यों के चलते ऑटो लेन हटा दी गई है पर ऑटो के व्यवस्थित संचालन कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। नए स्थान भी चिंहित किए जा रहे हैं जहां आटो लेन बनाकर व्यवस्थित तरीके से आटो का संचालन कराया जाएगा। पूरी व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।

**प्रदीप शेंडे, एएसपी यातायात**

### इन चौराहों पर अराजकता

तीन पत्ती चौराहे से बस स्टैंड तक, सेंट नार्बट स्कूल के पास, नगर निगम मुख्यालय के सामने, शास्त्री ब्रिज चौराहा, छोटी लाइन फाटक ग्वारीघाट रोड, मालगोदाम से एल्गिन अस्पताल तक, गोहलपुर रद्दी चौकी, अधारताल चौक, मेडिकल तिराहा।

### चार हजार से ज्यादा आटो

4000 से ज्यादा आटो शहर में संचालित किए जा रहे हैं। इनमें अधिकांश बिना रजिस्ट्रेशन, परमिट के दौड़ रहे हैं।, 1100 ई-रिक्शा भी चल रहे है। ये भी आटो की तर्ज पर बीच रास्ते में रिक्शा खड़ा करने से नहीं हिचकते।, 2018 में निर्धारित किए गए थे आटो पार्किंग स्थल, 17 चौराहों में बनाई गई थी आटो लेन अब हो गई गायब, 3 तीन सवारी बैठाने के नियम भी तोड़ रहे आटो चालक।

# इस बार भी रंगों , पीली मिट्टी और गेरू के साथ खेली जाएगी होली

**जबलपुर, यशभारत। सारा दिन जमकर होली खेलने के जुनून ने शहर के युवाओं की होली का तरीका बदल गया है। अब यहां के युवा व बच्चे रंग की जगह पीली मिट्टी और गेरू की होली खेलने लगे हैं। रंगों में रंगे चेहरों के बजाय होली पर नौजवान नीचे से ऊपर तक पीली मिट्टी और गेरू से सने नजर आते हैं। प्रचलन इतना अधिक है कि बोरियां कम पड़ जाती हैं। हालांकि विशेषज्ञ इसे हानिकारक मानते हैं।**

### पीली मिट्टी का अधिक चलन

होली त्योहार पर गेरू पाउडर और पीली मिट्टी भी चलन में आ गई है। गेरू चार सौ रुपए प्रति बोरी और पीली मिट्टी भी सौ रुपए बोरी मिल रही है। पीली मिट्टी खदानों से निकाली जा रही है। वहीं गेरू भी पाउडर करके बाजार में लाया जाता है। दुकानदारों के मुताबिक गेरू का चलन पीली मिट्टी की अपेक्षा कम है। पीली मिट्टी में छोटे पत्थर के कण भी शामिल रहते हैं। बताया जाता है कि इस वर्ष गेरू की काफी डिमांड हैं। इसलिए कारोबारी अभी से स्टाक करने लगे हैं क्योंकि पिछले साल अधिक बिक्री के कारण पीली मिट्टी का स्टॉक तक कम पड़ गया था।अभी से शुरू हो गई तैयारीशहर में होली का सुरूर 5 दिन तक रहता है। विशेषतः युवा वर्ग रंगपंचमी तक होली खेलता है। धुरेड़ी व दूज को अधिकतर बाजार बंद रहते हैं। ऐसे में नौजवान पहले से गेरू व पीली मिट्टी खरीदकर स्टॉक कर लेते हैं। पांच दिन तक जमकर पीली मिट्टी व गेरू की होली का दौर चलता है।



### सिंथेटिक रंगों से कम नुकसान

नौजवानों का कहना है कि रासायनिक रंगों की तुलना में पीली मिट्टी व गेरू की होली कम नुकसानदेह है। चिकित्सकों की भी कुछ ऐसी ही राय है लेकिन पीली मिट्टी व गेरू के कणों से आंखों को खासी हानि होती है। सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा कहते हैं कि गेरू व पीली मिट्टी में छोटे-छोटे कण होते हैं। ये आंख में जाकर कॉर्निया को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन्हें त्वचा पर जमकर घिसने की वजह से त्वचा से सम्बंधित एलर्जी व अन्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। पीली मिट्टी व गेरू से बाल झड़ने की शिकायतें भी सामने आई हैं। उनका कहना है कि कि रंग या पीली मिट्टी-गेरू की जगह हर्बल रंग-गुलाल का उपयोग किया जाना चाहिए।कम खर्च में पर्व का आनंद लेते हैं युवा

शहर के युवाओं का मानना है कि पीली मिट्टी व गेरू से होली खेलना रंग-गुलाल की तुलना में काफी सस्ता पड़ता है। कम बजट में भी जमकर होली खेली जा सकती है। रंग महंगे होने की वजह से जल्दी खत्म हो जाते हैं। जबकि पीली मिट्टी व गेरू सस्ते व बोरियों में आते हैं, इसलिए दिन भर इनसे होली खेली जा सकती है। युवा बीते 4-5 साल से अपने मित्रों के साथ होली के दिन भर पीली मिट्टी व गेरू खेलते हैं। यह सस्ता तो है ही, छुटाने में भी आसान होता है।धुरेड़ी पर कई जगह होती है दिन भर मस्तीयुवाओं का कहना है कि रंग की होली खेलने पर एक बार लगाया गया रंग जल्दी नहीं उतरता। ऐसे में उस रंग पर दूसरा रंग नहीं चढ़ता। इस वजह से एक बार रंगने के बाद हुरियारों को दोबारा रंग डालने में आनन्द नहीं आता। जबकि पीली मिट्टी व गेरू आसानी से साफ हो जाते हैं। चेहरे पर नजर नहीं आते। ऐसे में बार-बार पीली मिट्टी व गेरू से होली खेली जा सकती है। युवाओं का यह भी कहना है कि पीली मिट्टी व गेरू रासायनिक रंगों की अपेक्षा सुरक्षित हैं। इनसे नुकसान कम होता है। यह भी युवा वर्ग के इनके प्रति रुझान की बड़ी वजह है।



# फागुन में आषाढ़ जैसा मौसम

**जबलपुर, यशभारत।** मौसम का बदलता मिजाज सेहत पर भारी पड़ सकता है। यह बदलाव जम्मू कश्मीर में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। मौसम में यह बदलाव होली के बाद जक रहेगा। इससे दिन में गर्मी से राहत रहेगी। अधिकतम तापमान स्थिर रहेगा, बादलों की दबिश के चलते रात का तापमान बढ़ सकता है। हालांकि गर्मी के तेवर एक बार पस्त होंगे। मौसम विभाग के अनुसार पाकिस्तान और उसके आसपास बना पश्चिमी विक्षोभ समाप्त हो गया है। अब एक नया पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास ट्रफ के रूप में बन गया है। इस मौसमी प्रणाली के प्रभाव से शनिवार को मौसम का मिजाज फिर बदल गया। जबलपुर सहित संभाग के जिलों में बूंदाबांदी हुई। होली तक मौसम में बदलाव देखा जा सकेगा। इसके बाद मौसम साफ होते ही गर्मी का असर बढ़ जाएगा। तापमान में भी उछाल देखा जा सकेगा।ऐसा मौसम सामान्यतः आषाढ़ महीने में होता है। दो सिस्टम का असर होने से फागुन में यह नौबत आई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर भारत में वेस्टर्न डिसटरबेंस एक्टिव है। साथ में दक्षिण-पश्चिम हवाएं मध्यप्रदेश में पहुंच रही हैं। इससे अरब सागर से गर्म और नम हवाएं आ रही हैं। मौसम बदलने से महाराष्ट्र थोड़ा गर्म है। वहां से गर्म और उत्तर से ठंडी हवाएं आ रही हैं। दोनों के मिलने से मध्य भारत में क्लाउड फॉर्मेशन हो रहा है। स्काईमेट वेदर के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी हिमालय पर मध्यम बरसात संभव है। ओलावृष्टि की संभावना भी बनी हुई है।

### सबसे गर्म फरवरी रिकॉर्ड

इस साल भारत ने 1901 के बाद से अपना सबसे गर्म फरवरी दर्ज किया। पिछले महीने औसत अधिकतम तापमान 29.54 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी में औसत अधिकतम तापमान पूरे भारत और उत्तर-पश्चिम भारत में सबसे अधिक था। यह 1901 के बाद से मध्य भारत में दूसरा सबसे अधिक तापमान था। आईएमडी ने मार्च और मई के बीच हीटवेव का अनुमान लगाया है। कहा कि मार्च से मई के दौरान पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों, पूर्व-मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम के कुछ इलाकों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है।

# होली पर मिलावटखोरों की खैर नही

## मुखबिर बताएंगे नकली दूध-मावा बनाने और बेचने वालों का पता

**जबलपुर, यशभारत।** अब नकली दूध-मावा और उनसे बने उत्पादों पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन मुखबिरों की मदद लेगा। इसके लिए करीब 50 लोगों का मुखबिर तंत्र विकसित किया गया है, जो मिलावट करने वालों की सूचना देंगे। इसी आधार पर खाद्य निरीक्षक संबंधितों के खिलाफ छापामार कार्रवाई करेंगे। अधिकारियों का मानना है कि मुखबिर तंत्र की सहायता से उन मिलावटखोरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे, जिनकी सूचना देरी से मिलने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाती थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिन लोगों को मुखबिर बनाया है, वे सभी शहर के अलग-अलग स्थानों में सामाजिक दायित्व के तहत विभाग को मदद करेंगे। अधिकारियों का मानना है कि इनके सक्रिय होने से कार्रवाई की संख्या बढ़ सकेगी। वहीं बाहर से आने वाले दूध-मावा और उनसे बनी सामग्री पर भी विशेष नजर रखी जा सकेगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य सामग्री के सैंपल लिए हैं।



इसमें से दूध के 10 और दूध से बनी सामग्री के 14 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सभी सैंपल किराना व नमकीन के हैं। अभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिर्फ त्योहारी सीजन में मिठाई और दूध के सैंपल लेने की कार्रवाई कर रहा है। त्योहार को देखते हुए दूध की खपत अचानक बढ़ गई है। ऐसे में मिलावटी दूध के बाजार में बिकने की आशंका बढ़ जाती है इसलिए जांच जरूरी है। हमने मुखबिर भी तैयार किए हैं, जो नकली दूध-मावा और मिलावट करने वालों की सूचना विभाग को देंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव के अनुसार हमारी टीम लगातार पजर रखे हुए है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने मिष्ठान भंडारों ,मावा विक्रेताओं पर नजर रखे हुए हैं।

## जबलपुर से दमोह मार्ग पर

# हादसों को न्यौता दे रहे गड्ढे, वाहनचालक व राहगीर परेशान



**जबलपुर,बेलखाडू यशभारत।** जबलपुर से दमोह रोड पर होने वाले गड्ढों को समय पर नहीं भरा जा रहा है, जिससे उनका आकार बढ़ता जा रहा है और रोड बदहाल होती जा रही है, जिससे इस रोड पर गुजरने वाले राहगीर परेशान है। जबकि जिम्मेदार अफसर इनकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। परिणामस्वरूप लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। सूरतलाई नगना झगरा बोरिया आदि जगहों पर लंबे समय से गड्ढे हो रहे हैं। इन गड्ढों को समय से न भरे जाने की वजह से यहां काफी सड़क पूरी तरह से गड्ढों में गुम हो रही है। कुछ यही स्थित बेलखाडू में है। यहां भी सड़क काफी खुद गई है। वहीं मंगरहा नाला खैरी पेट्रोल पंप के पास सड़क भी काफी खुद रही है। इसी प्रकार सूरतलाई पुल पर भी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। दमोह जबलपुर की सड़क की अधिकांश जगहों पर कुछ ऐसी ही हालत है, राहगीर भी इन सड़कों की खस्ताहालत को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायतें कर चुके हैं। लेकिन सुनवाई न होने की वजह से उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### कंडम हो रहे वाहन

रोड की हालत खराब होने से एक ओर जहां समय से पहले वाहन चालको के वाहन कंडम हो रहे हैं। वहीं इन गड्ढों की वजह से हादसे भी हो रहे हैं। बेलखाडू एवं आसपास की सड़क की हालत सबसे ज्यादा खराब है। रात के समय अचानक गड्ढा सामने आने से वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे वे सड़क पर गिरकर चोटिल हो जाते और गड्ढे इतने बड़े हैं कि छोटे वाहन का चका गड्ढों में समाजाता है और वह गिरकर घायल हो जाते हैं और ऐसी घटना आए दिन इस रोड पर होती रहती है।



# राज्यपाल द्वारा की गई वन धन केंद्र बंजारी की सराहना

**धूमा ,यशभारत।** जिले के सीमावर्ती गांव बंजारी में उत्तर सिवनी वनमंडल के परिक्षेत्र धूमा का वन धन केंद्र बंजारी लगातार उन्नति कर रहा है, अंतरराष्ट्रीय वन मेला में लगातार दो वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपरांत विगत दिनों हुए मुख्यमंत्री जी के तेंदुपत्ता प्रबंधकों का प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम में भी वन धन केंद्र की सराहना की गई, आज ही महामहिम राज्यपाल महोदय माननीय श्री मंगूभाई पटेल जी के धनौरा आगमन पर वन धन केंद्र के उत्पादों हर्बल चाय, महुआ आचार, शतावर आचार, उनके अवयवों, आयुर्वेदिक प्रभावों एवं लाभ के विषय में जानकारी ली गई साथ ही हितग्राहियों के आजिविका में हुए परिवर्तन की जानकारी ली गई। महामहिम द्वारा हितग्राहियों के प्रयासों एवं प्रधानमंत्री वन धन विकास योजना की सराहना की गई। वन धन केंद्र लगातार मुख्य वन संरक्षक एस एस उद्दे, वनमंडल अधिकारी वासु कनौजिया, उपमंडल अधिकारी गोपाल सिंह ,परिक्षेत्र अधिकारी धूमा श्री सिद्धार्थ तिवारी एवं उत्तर सिवनी वनमंडल की समूची टीम के कुशल नेतृत्व में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है।

## होली पर संभल कर खेले रंग-गुलाल

# आंखों के साथ त्वचा को भी होता है नुकसान

**जबलपुर, यशभारत।** रंगों का महापर्व होली की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। होली पर रंग-गुलाल से सराबोर होने के लिए युवाओं और बच्चों की टोली ने तैयारी शुरू कर दी है। परीक्षाओं के बीच बच्चों ने होली के लिए कुछ समय निकाला है। होली में पूरा शहर खुशियों के रंग में रंग जाएगा। रंग-गुलाल भी उड़ेंगे, लेकिन सावधानी रखना जरूरी है। आंखों में गुलाल पड़ने से उन्हें नुकसान हो सकता है। इसी तरह से रंगों से त्वचा खराब होने और कई लोगों को एलर्जी का डर रहता है। ऐसे में डाक्टरों की सलाह है कि आंखों को गुलाल से बचाएं। हो सके तो चश्मा लगाकर रखें। त्वचा में तेल लगाएं। इससे रंग त्वचा में अवशोषित नहीं होगा, जिससे एलर्जी की दिक्कत से बच जाएंगे। इस दौरान छोटी छोटी असावधानी और गलतियां आपकी त्वचा की सेहत को बिगाड़ सकती हैं। लोग बाजार से बिकने वाले किसी भी तरह के रंग खरीद लेते हैं। लेकिन उनका ध्यान इस बात पर नहीं जाता कि यह रंग केमिकल युक्त हो सकते हैं, जो आपकी त्वचा के सम्पर्क में आएंगे तो



आपकी त्वचा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। मस्ती करने के लिए थोड़ी सी असावधानी से आपकी स्किन खराब हो जाती है।

### त्वचा को बचाने के लिए यह करें

त्वचा रोग चिकित्सक डा. राजीव सक्सेना ने त्वचा को रंगों से होने वाले नुकसान से बचाने के कई तरीके बताए। उन्होंने कहा कि केमिकल युक्त रंग से त्वचा पर एलर्जी, रूखापन, दाग, जलन, खुजली, लाल निशान और पिंपल्स आने लग सकते हैं । सबसे अच्छा होगा कि हर्बल रंग ही खेलें। पूरे आस्तीन के कपड़े पहनें। चेहरे पर मास्चुराइजिंग क्रीम लगाएं, क्योंकि रंग त्वचा को रूखा बना देते हैं। क्रीम नहीं होने पर तेल भी लगा सकते हैं। इन सबके साथ सन स्क्रीन लोशन भी लगाना चाहिए, क्योंकि धूप में रहने से त्वचा को नुकसान हो सकता है। बालों में भी तेल लगाना जरूरी है। आंखों के नीचे, नाखून के पास पेट्रोलियम जेली लगाएं, जिससे रंग अंदर नहीं जा पाएं। पानी खूब पीएं, क्योंकि शरीर में पानी की की मात्रा कम रहेगी तो त्वचा में भी रूखापन होगा।

### आंखों की ऐसे करें सुरक्षा

नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पवन स्थापक ने बताया कि गुलाल और रंगों से आंखों को तीन तरह से नुकसान हो सकता है। पहला यह कि इनमें मौजूद रसायन आंखों में जाकर एलर्जी कर सकते हैं। इससे आंखें लाल होना, खुजली, जलन और पानी आने की समस्या हो सकती है। दूसरा यह कि बच्चों की आंखों में रसायन पड़?ने से टिश्यू जल जाते हैं। इससे जलन होती है, लेकिन कई बार यह खतरनाक हो जाता है। तीसरी दिक्कत यह हो सकती है कि आंखों में आंसू बनाने वाली कोशकाओं को क्षति होने से कई दिन तक सूजन रहती है। आंसू नहीं बन पाते। इसका इलाज करना पड़ता है।

# खुशहाल महिला ही खुशहाल समाज की स्थापना कर सकती है :विमला दीदी जी

**जबलपुरयशभारत।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिव वरदान भवन कटंगा कॉलोनी जबलपुर सेवाकेंद्र में महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय अभियान खुशहाल महिला खुशहाल परिवार अभियान का हुआ शुभारम्भ विविध क्षेत्र की अग्रणी महिलाओं का हुआ उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान महिला एक श्रेष्ठ समाज की निर्माता है, सुसंस्कृत और खुशहाल परिवार बनाने में उसकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है, इसके लिए प्रत्येक महिला को अपने जीवन को दिव्य गुणों से सुसज्जित कर के मूल्यवान बनाने की आवश्यकता है. उनके आत्मबल को बढाने के लिए आत्म अन्वेषण कर के अपने अंदर छिपी हुई शक्तियों को जगाने के लिए राजयोग का नियमित अभ्यास बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है उक्त उदगार राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी विमला दीदी जी ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिव वरदान भवन, कटंगा कॉलोनी सेवा केंद्र में आयोजित संस्था के महिला प्रभाग के अखिल भारतीय अभियान ङ्क खुशहाल महिला खुशहाल परिवार के उदघाटन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त करे ।इस अवसर पर राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि जी ने कहा कि आने वाला रंगों का पर्व हमें अपने अंदर की बुराइयों को जला कर के अपने आप को सुख शान्ति और उमंग

### अग्रणी महिलाओं का हुआ उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान

उत्साह के रंगों से रंगने का अवसर है महिला दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी को और अच्छे से निभाने की प्रेरणा देता है . इस अवसर पर समाजसेविका माला सिंह जी ने कहा कि नारी का मूल गुण तो शीतला देवी के समान है जो कि सभी के पालना के संस्कार उनमे नैसर्गिक होते है , किन्तु समय आने पर नारी काली का रूप धारण कर के समाज के कुरीतियों के कुप्रथाओं के खिलाफ अपनी आवाज उठा कर के अपना स्थान लेने से भी पीछे नहीं हटती है । इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो की उप निदेशक वर्षा शुक्ल पाठक जी ने कहा कि वर्तमान समय में नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और घर से ले कर के बाहर तक के हर कार्य को सहजता से कर रही है. महिला परिवार की धुरी है तो अगर वह नवाचार को अपनाती है तो पूरा समाज ही नवीन पथ पर अग्रसर होता है . इस अवसर पर समाज सेविका यामिनी सिंह ने कहा कि नारी परिवार की धुरी होती है आज की नारी अपने परिवार और अपने कार्यक्षेत्र दोनों जगह की जिम्मेवारी को पूर्ण जिम्मेदारी से निभा रही है , महिलाओ के आध्यात्मिक उन्नति के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए संस्था धन्यवाद की पात्र है . कार्यक्रम के दौरान विविध क्षेत्र की महिलाओं ,मीडिया से सीमा बिसेन ( दैनिक भास्कर ) , पूनम झा ( दैनिक भास्कर ) , शिवांजलि वर्मा (हितवाद) नेहा सेन (पत्रिका), सुरभि पाण्डेय ( आकाशवाणी ), नेहा ठाकुर ( पीपुल्स समाचार ) , चिकित्सा सेवा से - डॉक्टर शारदा मिश्रा ( स्त्री रोग विशेषज्ञ), समाज सेवी - सीमा चौहान ( प्रेसिडेंट इनर व्हील क्लब जबलपुर ) , नसरीन कमाल ( समाज सेविका ) सरिता सिंह राजपूत आदि।

# होलिका दहन आज धुरेड़ी 8 को खेली जाएगी

## अरूणोदय पंचाग की भविष्यवाणी सच निकली



**जबलपुर, यशभारत।** इस वर्ष होलिका पर्व को लेकर भ्रम की स्थिति बनी। हालांकी कुछ पंडितों ने पंचांग के हिसाब से होलिका दहन को आज 06 मार्च की रात को होलिका दहन को विधि सम्मत बताया है। वहीं कुछ विद्वान की राय में 07 मार्च को रात 08.51 तक होलिका दहन को उपयुक्त बताया है। हालांकि धुरेड़ी 08 मार्च को और भाईदूज पर्व 09 मार्च को मनाया जाएगा। एक तर्क यह भी दिया जा रहा है की मथुरा वृंदावन में होली 08 मार्च को है। सबकी अपनी अपनी राय है। इसी बीच देश के कुछ विद्‌यमानों ने 6 मार्च को होली दहन को सही ठहराया है और अरूणोदय पंचाग में भी इसका उल्लेख है। मालूम हो कि अरूणोदय पंचाग के रचियेता पं. लोकेश व्यास ने अभी 4 दिन पहले ही यह बात दर्शकों तक पहुंचाई थी कि 6 तारीख को रात 12 बजकर 11 मिनिट के बाद और 1 बजकर 23 मिनिट के पहले होली दहन शास्त्र समंत है। 8 तारीख को उदया तिथि में रंगो त्यौहार मनाया जाएगा। 7 तारीख को शाम 5 बजकर 46 मिनिट तक पूर्णिमा रहेगी, फागुन शुक्ल पक्ष की दो दिन की पूर्णिमा है। देश के विभिन्न विद्‌यमानों का जो मत आया है उसमें अरूणोदय पंचाग में प्रकाशित जानकारी सही साबित हुई है।



### होलिका दहन आज क्यों? यहां समझे

ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि होलिका दहन 6 मार्च को रात्रि 12 बजकर 11 मिनिट के बाद रात्रि 1 बजकर 23 मिनिट के पहिले करना शास्त्र सम्मत है क्योंकि प्रदोष काल व्या पनी फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भद्रा रहित काल में होलिका दहन किया जाता है यदि पूर्णिमा दो दिन की हो जैसा कि इस साल पूर्णिमा 6 मार्च को शाम 4 बजकर 6 मिनिट से प्रारम्भ होकर दूसरे दिन मंगलवार को शाम 5 बजकर 48 मिनिट तक है उसके बाद प्रतिपदा तिथि प्रारम्भ हो रही है पूर्णिमा तिथि का मान 64 घटी 21 पल है और प्रतिपदा का मान 63 घटी 15 पल है पूर्णिमा तिथि साढ़े तीन प्रहर से अधिक वृद्ध गामी नी है और प्रतिपदा का कुल भोग काल पूर्णिमा के कुल भोग काल से ह्रास गामी नी है इसलिए पहिले दिन ही भद्रा आक्रांत प्रदोष व्यापी नी वृद्ध गामी नी पूर्णिमा मे ही भद्रा के पूछ काल और मुख् काल को छोडकर होलिका दहन किया जाना चाहिए शास्त्र निर्देश यहि है उल्लेखनीय है कि केवल भारत के पूर्वोत्तर राज्यों जहा सूर्योदय पहले होता है बिहार बंगाल उड़ीसा आदि मे पूर्णिमा तिथि का मान क्रम होने से और प्रतिपदा का मान क्रम होता है वहा तारीख 7 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश बनारस गुजरात महाराष्ट्र काश्मीर आदि मे 6 मार्च को होलिका दहन होगा होली के त्योहार मे भक्त प्रहलाद और होलिका के अलावा और भी कुछ संस्मरण शास्त्रों में वर्णित है इसी दिन भगवान शिव ने कामदेव को भस्म करने के बाद पुनर्जीवित किया था इसी दिन राजा पृथु ने राज्य के बच्चों को ढूंढी राक्षसी से बचाने के लिए उसका वध किया था

## दिग्विजय, अग्रवाल व मित्तल पहुंचे महापौर निवास



**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, श्रीमती अमृता सिंह, मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जयप्रकाश अग्रवाल, सह प्रभारी सी.पी. मित्तल, पूर्व मंत्री ओंकार मरकाम शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मदन महल स्थित आवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट की साथ में पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया, विधायक विनय सक्सेना, डॉ नीलेश जैन, सह-प्रभारी विभाष जैन, राधेश्याम चौबे, वीरेन्द्र चौबे, विष्णु शंकर पटैल, कदीर सोनी, विवेक अवस्थी, शंशाक दुबे, संगठन मंत्री मनोज सेठ, आरिफ बेग, रिंकू टांक, राजेंद्र रजक कल्लू, देवेंद्र काछी, शरद मालवीय, गुरु कुशवाहा, संदीप सैनी, अंकित रैकवार, लकी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ : हाथ पकड़ कर कहा, शादी करुंगा भाग चलो, एफआईआर

**जबलपुर, यशभारत।** मझौली थाना अंतर्गत बनखेड़ी में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता घर जा रही थी तभी रास्ते में शोहदा मिला और अश्लील कमेंट्स करने लगा। उसने विरोध किया तो हाथ पकड़ कर प्रेम का इजहार करते हुए भाग चलने की मिन्नते करने लगा और ऐसा ना करने पर जान से मारने की धमकियां देने लगा। जिसके बाद पीड़िता अपने परिजनों समेत थाने पहुंची। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता 14 वर्षीय छात्रा ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर अकेली जा रही थी। तभी रास्ते में शोहदा मिला और रोज की तरह ही छीटाकशी करने लगा। जब उसने विरोध किया तो साथ में भाग चलने की बात करने लगा और विरोध करने पर जान से मारने की धमकियां देने लगा। पुलिस अब आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

## 10 सीटों पर संयुक्त संघर्ष समिति ने किया कब्जा, 1 पर बागी

### ओएफके : को-ऑपरेटिव चुनाव संपन्न, जीत के बाद समर्थकों में उत्साह

**जबलपुर, यश भारत।** ऑर्डनेंस फैक्टरी खमरिया के को-ऑपरेटिव सोसायटी के डायरेक्टर संचालक मंडल सदस्य पद के लिए सोसायटी के 3 क्षेत्रों में मतदान रविवार को हुआ। कुछ घंटे बाद मतदानके रिजल्ट की घोषणा की गई जिसमें 3 आवेदक जीतने में सफल रहे। चुनाव जीतने के बाद आवेदकों और उनके समर्थकों में खुशी की लहर झूम उठी।

ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉई फेडरेशन के संगठन मंत्री अर्णबदास गुप्ता ने यशभारत को बताया कि विगत 24 फरवरी को ओएफके में को-ऑपरेटिव के चुनाव में 11 आवेदकों ने नामांकन दाखिल कराया था। 25 फरवरी को 8 कैंडीडेट निर्विरोध चुनाव जीत गए थे। बची 3 सीट पर चुनाव ओएफके में रविवार को 6 आवेदकों के बीच में हुआ जिसमें दीपक सैनी, सतिन शर्मा, संतोष पंडोले जीते हैं।जानकारी के अनुसार ओएफके में को-ऑपरेटिव के चुनाव में संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से 10 सीटों पर कब्जा किया गया है। जबकि 1 सीट बागी के नाम रही। वहीं इंटक शून्य पर रहा। जीत के बाद संयुक्त संघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता अर्णबदास गुप्ता, रूपेश पाठक, सहित अन्य ने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि जिस किसी ने भी संघर्ष समिति के साथ धोखा किया है उन्हें तत्काल यूनियन से निकाल दिया जाएगा।

## 96 घंटे के बाद भी मृतक की नहीं हो सकी शिनाख्त

### हर एंगल से जांच कर रही पुलिस ,पीएम रिपोर्ट का इंतजार



**जबलपुर यश भारत।** पनागर थाना अंतर्गत बघौडा महगमा मार्ग में 2 मार्च को बोरी के अंदर मिली एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस घटना की तह तक पहुंचने के लिए हर एंगल पर जांच करने में लगी हुई है। घटना के 96 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अभी कोई ऐसा सुराग नहीं लगा है जिससे कि वह वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों तक पहुंच सके पुलिस सबसे पहले मृतक की शिनाख्त के प्रयास में लगी हुई है हालांकि इस घटना के संबंध में पनागर थाना प्रभारी अंबुज पांडे द्वारा जिले के सभी थानों में मैसेज किया गया है पनागर थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना कि पतारसी करने में साइबर सेल क्राइम ब्रांच एवं थाने का पुलिस बल लगा हुआ है पुलिस के अनुसार मृतक के एक हाथ में धागा बंधा हुआ है पुलिस द्वारा इस अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने में काफी पसीना बहाना पड़ रहा है हालांकि पुलिस ने ऐसी उम्मीद जताई है कि वारदात को अंजाम आने वाले आरोपी शीघ्र ही सलाखों के पीछे होंगे पुलिस द्वारा मृतक की फोटो का पंपलेट भी जगह-जगह चस्पा कर पहचान के लिए वितरित किया गया है थाना प्रभारी अंबुज पांडे ने बताया कि अज्ञात मृतक के संबंध में किसी को कोई जानकारी हासिल हो तो वह 947999 3840 एवं 79 8760 8964 पर संपर्क करके जानकारी दे सकते हैं उल्लेखनीय है कि इस घटना की खबर जैसे ही ग्रामीणों को लगने के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल बना हुआ है इस संबंध में पुलिस ने बताया कि बघोडा महगवा रोड पर मुकेश पटेल के खेत में 30 वर्षीय अज्ञात युवक कि लाश बोरी के अंदर मिली पुलिस के अनुसार मुकेश पटेल के कर्मचारी पानी बदलने के लिए खेत गए हुए थे इसी दौरान उन्होंने बोरी के अंदर लाश को देखा तो गांव वालों को सूचना दी जानकारों के अनुसार युवक की हत्या कहीं और की गई है और लाश को यहां पर लाकर फेंका गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक के सिर अन्य अंगों में लाठी के निशान है थाना प्रभारी ने आगे बताया कि मृतक की पीएम रिपोर्ट आने के बाद घटना से जुड़ी अन्य जानकारी हासिल होगी हालांकि पुलिस द्वारा विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पूरे घटनाक्रम की पड़ताल करने में लगी हुई है।

## गन कैरिज फैक्ट्री में चारदीवारी फांदकर घुसा चोर

### बंदूकधारी जवानों ने दबोच कर घमापुर पुलिस को सौंपा





**जबलपुर यशभारत।** रविवार को जीसीएफ में सुबह सुबह एक चोर निर्माणी की चारदीवारी को फांदकर फैक्ट्री के अंदर घुस गया।जैसे ही वह धातुओं की प्लेटों को लेकर बाहर निकलने की फिराक में था तभी चारदिवारी पर तैनात बंदूकधारी डीएससी जवान ने ललकारा तो चोर माल छोड़ कर फैक्ट्री के अंदर भाग कर छुपने का प्रयास करने लगा।बाद में अन्य जवानों ने उसे बंदूक की नोक पर दबोच लिया।

पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विनीत बंसल बताया है और रांझी में रहने की जानकारी दी है।सुरक्षा विभाग के स्टाफ ने उससे लंबी पूछताछ की. बताया जाता है कि वह15 फीट ऊंची दीवार फांदकर फैक्ट्री में घुसा था।सुरक्षा स्टाफ का कहना है कि संभवतः वह अनेक बार निर्माणी से चोरी कर चुका है।अधिकारियों ने लंबी पूछताछ के बाद घमापुर पुलिस थाने को सौंप दिया है।

### इनका कहना है

रविवार की सुबह एक अनधिकृत व्यक्ति निर्माणी में चोरी के माल के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया है।उसे अगली कार्यवाही के लिए घमापुर पुलिस को सौंप दिया है।

**मनीष पाठक**
**सुरक्षा अधिकारी**
**जीसीएफ**



## महिलाओं को स्तन कैंसर के बारे में किया जागरूक

### मध्य भारत एरिया में बड़ेरिया मेट्रो प्राइम अस्पताल का शिविर

**जबलपुर यशभारत।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेना के मध्य भारत एरिया में बडेरिया मेट्रो प्राइम अस्पताल के सौजन्य से महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्तन कैंसर से बचाव की जानकारी देने शिविर का आयोजन किया गया।

आर्मी वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन (आवा)के तत्वावधान में कल्पना हाल में आयोजित शिविर में डा.मनोज जैन वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डा.काबेरी शा स्त्री रोग विशेषज्ञ और डा.आयुशी चर्मरोग विशेषज्ञ ने सैनिक परिवार की महिलाओं का परीक्षण परामर्श और कैंसर के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। लेकिन इस वर्ष धुरेडी होने से कार्यक्रम तीन दिन पूर्व आयोजित किया गया।शिविर का उद्घाटन आवा की जोनल अध्यक्ष श्रीमती मीता दास ने किया।उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं का योगदान न केवल पुरुषों के बराबर रहा है बल्कि वे पुरुषों से भी आगे निकल गयी हैं। शिक्षा के क्षेत्र से लेकर हेल्थ सेक्टर और ऐसे ही कई क्षेत्रों में जिसकी कल्पना पहले की सामाजिक स्थिति में करना नामुमकिन सा था उन सभी क्षेत्रों में महिलाओं का विशेष योगदान रहा है।

## होली में शराब पीने वालों की खैर नहीं दो दिन में 65 पर कार्रवाई का डंडा

### एडीजी और एसपी की सख्ती के बाद पुलिस मुस्तैद

**बलपुर, यशभारत। होली महापर्व को लेकर पुलिस अलर्ट है। जिसके चलते अब शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं है। पिछले दिनों एडीजी उमेश जोगा और एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा के दिशा निर्देशों के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।**



जिसके चलते बीते दो दिनों में ही करीब 65 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकलर अधिनयम एक्ट के तहत शराबियों पर कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि संस्कारधानी में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जिसके चलते बीते महिनों में भी पुलिस करीब एक हजार लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर चुकी है।

### रोज लहू से सन रहीं सड़कें

शहर में आए दिन सड़क हादसों से सड़कें खून से सन रहीं है। अभी तक हुई पुलिस कार्रवाईयों में यह बात सामने आई है कि अधिकतर वाहन चालक जो दुर्घटना का शिकार हुए है वह शराब के नशे में धुत्त थे। जिसके चलते पर्व को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।





## सांई स्पोर्ट्स क्लब में खिलाड़ी को तालीबानी सजा सीनियर्स ने कूलर की रॉड से बेहोश होने तक पीटा



**जबलपुर, यशभारत।** रानीताल स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के हॉस्टल में 16 साल के कराते खिलाड़ी को तालीबानी सजा दी गई। सीनियर खिलाडियों ने कूलर की राड से नाबालिग को बेहोश होने तक पीटा। नाबालिग खिलाड़ी के पीट में गंभीर चोट के निशान है। नाबालिग अपने कुछ दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रहा था तभी सीनियर खिलाड़ी उसके पास आए और मारना पीटना शुरू कर दिया। सीनियर खिलाडियों की गुंडागर्दी को देखते नाबालिग के साथी भाग खड़े हुए। इस पूरे प्रकरण में भारतीय खेल प्राधिकरण (सांई स्पोटर्स क्लब) की लापरवाही सामने आई है, अधिकारियों द्वारा घटना की जानकारी से पुलिस को अवगत नहीं कराया गया और न ही घायल खिलाड़ी का इलाज कराया गया। बैतूल सदर निवासी अमरनाथ शाह ने यशभारत को बताया कि 16 साल का बेटा बहुत अच्छा कराते खिलाड़ी है उसका सिलेक्शन जबलपुर रानीताल स्थित सांई स्पोर्टस क्लब में पिछले साल हुआ है। 4 जनवरी को बेटे का जन्मदिन था उससे बात हुई तो उसने जानकारी दी कि सीनियर छात्रों ने बुरी तरह से बगैर बात के पीटा है। घटना की शिकायत कहीं भी नहीं करने की धमकी दी है। बेटे के साथ हुई मारपीट की जानकारी सांई स्पोर्टस अधिकारियों से ली गई तो उनका कहना था कि मामूली झड़प हुई लेकिन बेटे ने जो फोटो भेजे है उसमें इस तरह से मारा गया कि जिसे वह आतंकवादी हो। पूरी पीट लाल है, उससे सोते नहीं बन रहा है।

### अच्छा खेलने की सजा दी गई

पिता अमरनाथ का आरोप है कि उसका बेटा बहुत बढिया कराते खिलाड़ी है और कई बार खेलने को लेकर उसकी सीनियर खिलाडियों से उसकी बनती नहीं थी। शायद इसी को लेकर सीनियर खिलाडियों ने उसको कूलर की राड से पीटा है। पिता ने बताया कि उसे जानकारी लगी है कि सीनियर खिलाड़ी हर्ष, राणा शमसेर और आर्यन प्रताप द्वारा जन्मदिन के दिन बेटे से विवाद किया गया और फिर सबके सामने उसे पीटा गया।

## प्रॉपर्टी विवाद को लेकर घर के सामने युवक को मार-मार कर किया अधमरा

### बेसवॉल के डंडों से आरोपियों ने किए वार

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के निर्भर नगर में देर रात प्रॉपर्टी विवाद को लेकर तीन आरोपियों ने एक राय होकर पीड़ित युवक को पहले तो घर से बुलाया और फिर जमकर गालीगलौच कर दी। इसके पहले पीड़ित कुछ समझ पाता आरोपियों ने बेसवॉल के डंडों से वार पर वार कर पीड़ितो को वहीं ढेर किया और शोर शराबा होने पर फुर्र हो गए। जिसके बाद पीड़ित को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं, शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों को तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि निर्भर नगर निवासी मोहम्मद शलीम ने शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि उसका पुराना प्रॉपर्टी का विवाद चल रहा है। जिसके चलते देर रात घर के सामने असरफ सहित अफसर और उसके साथी आए और गालीगलौच करने लगे। वह घर से बाहर निकला और आरोपियों से गाली देने से मना करने लगा।

### कुंडम में पति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

## 5 साल से अलग रह रही पत्नी से की जबरदस्ती

**जबलपुर, यशभारत।** कुंडम थाना अंतर्गत दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां पीड़िता पत्नी ने ही अपने पति के खिलाफ जबरदस्ती करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है।

जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह पति से झगड़े के बाद करीब पांच वर्षों से अलग रह रही है। पति शहपुरा में खेती किसानी करता है। जो उसे आए दिन प्रताड़ित करता रहता था।

### पांच साल का है बच्चा

पुलिस के अनुसार पीड़िता का एक पांच



साल का बच्चा है। आरोपी पति, अलग रह रही पत्नी के साथ जबरन संबंध बना रहा था। जिसकी शिकायत पत्नी द्वारा की गई है। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने 376 बी के तहत मामला दर्ज कर, आरोपी पति को तलाश करने में जुटी है।



# त्योहारों पर शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : पुलिस आयुक्त देउस्कर

## पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजन व सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

■ भोपाल, यशभारत।

होली, रंगपंचमी और शबे बरात सहित अन्य आगामी त्योहारों को लेकर भोपाल पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस आयुघ्क्त कार्यालय के सभागार में आयोजन व सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें आगामी त्योहारों पर की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त देउस्कर ने कहा कि पुलिस के द्वारा त्योहारों के दौरान विभिन्न चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसी भी असामाजिक तत्व, शांति भंग करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। नगर निगम प्रशासन के अपर आयुक्त एनपी सिंह ने त्योहारों के दौरान पर्याप्त पानी, साफ सफाई, निगम के द्वारा की जाने वाली अन्य व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से किया जाएगा। मुस्लिम त्योहार कमेटी के डा औशाफ शाहमीरी खुर्रम ने त्योहारों के समय बिजली कटौती नहीं करने की बात रखी। वहीं समाजसेवी प्रमोद नेमा ने सभी विभागों द्वारा त्योहारों पर की जाने वाली पारंपरिक व्यवस्थाएं करने एवं शांति समिति की बैठक बुलाने की बात कही। साथ ही पुलिस ड्यूटी त्योहारों के समय शहर के चौक-चौराहों पर लगाने की मांग रखी। इसके अलावा दो पहिया वाहन पर स्टंट करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी। मुस्लिम समाज के लोगों ने सभी कब्रिस्तानों के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की बात की। बैठक में शामिल अन्य लोगों ने सहमति बनाई कि शहर में त्योहारों में




शांति बनाकर प्रेमभाव से त्योहार मनाएंगे। होली के दौरान किसी पर भी जबरन रंग व गुलाल नहीं डालने, आपस में लड़ाई-झगड़ने नहीं करने का संदेश लोगों तक पहुंचाने पर सहमति बनी। इस मौके पर डीसीपी रियाज इकबाल, विजय खत्री सहित सभी एडीसीपी, एसीपी थाना प्रभारी, नगर निगम, बिजली कंपनी, जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों अधिकारी मौजूद रहे।

## होलिका दहन के लिए कल से भोपाल शहर के 38 स्थानों पर मिलेगा गोकाष्ठ


**भोपाल यशभारत।** हमारे शहर का पर्यावरण स्वच्छ, प्रदूषण रहित रहने के साथ ही लकड़ियों के लिए पेड़ों से काटने के लिए बचाने के लिए लोगों की जागरुकता बढ़ी है। इसी को देखते हुए गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति ने आगामी पर्व होलिका दहन सात मार्च के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी हैं। अब शहर के कुल 38 स्थानों पर गोकाष्ठ 10 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से खरीदने के लिए मिलेगी। पहले 35 स्थान तय किए गए थे। गोकाष्ठ परिवार के समंवयक मम्तेश शर्मा ने बताया कि होलिका दहन छह और सात मार्च को गोकाष्ठ 10 रुपये प्रतिकिलो की दर से प्राप्त कर सकते हैं। समिति के प्रमुख सलाहकार डा योगेंद्र सक्सेना बताया कि यह गोकाष्ठ 20, 25 एवं 30 किलो के कपड़े के बैग में उपलब्ध रहेगी। शहर की 18 गोशालाओं से क्रय की गई हैं। इस गोकाष्ठ को शहरवासियों को उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए विक्रय केंद्र तक पहुंचने के बाद इसकी कीमत लगभग 15 रुपये प्रतिकिलो आ रही है। जिसे 10 रुपये प्रतिकिलो की दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। कालिका मंदिर भदभदा रोड, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर शिवाजी नगर, भोजपुर क्लब, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा के सामने, शुभम



नर्सरी बावडिया, राम मंदिर हमीदिया रोड, ओल्ड भास्कर कोतवाली रोड, मानस भवन श्यामला हिल्स, मिलन स्वीट्स बरखे ?ा, शुभम नर्सरी नर्मदापुरम रोड, मानस उद्यान गुफा मंदिर, गिरधर स्टोर गोमती कालोनी नेहरू नगर, करोंद, मंदाकिनी मैदान कोलार, शिव मंदिर मेहता मार्केट सुभाष नगर, रेलवे स्टेशन मंडीदीप, बस स्टैंड बैरसिया, गंगेश्वर शिव मंदिर एम्स के पीछे साकेत नगर, महात्मा गांधी चौराहा भेल, अफसरा टाकीज, पिपलानी पेट्रोल पंप, अशोका गार्डन 80 फिट रोड, मंगलवारा थाने के पास, बिजली मैदान मिनाल रेसीडेंसी जेके रोड, शुभम नर्सरी पटेल नगर, दीप इलेक्ट्रिकल गौतम नगर, फायर ब्रिगेड आफिस के पास संत हिरदाराम नगर, नगर निगम कार्यालय के पास गांधी नगर, एनएम मार्बल क्लास रूम के सामने लालघाटी, 10नंबर मार्केट, गोविंदपुरा थाने के सामने, भानपुर शापिंग माल सामने, प्रेस काम्प्लेक्स एमपी नगर जोन-एक। इसके अलावा गोकाष्ठ समिति द्वारा घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध की गई है। जिसमे यातायात व्यय अलग से देना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बीड़ी सुलगाने से भड़की आग से झुलसे मजदूर ने दम तोड़ा



■ भोपाल, यशभारत।


अयोध्या नगर थाना इलाके में किसी रसायन से टाइल्स की सफाई करने के दौरान बीड़ी सुलगाते समय भड़की आग से तीन मजदूर झुलस गए थे। उनमें से एक ने शनिवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसके एक साथी की हालत भी गंभीर बनी हुई है।अयोध्या नगर थाना पुलिस के मुताबिक अयोध्या नगर फेस-दो में रहने वाला 22 वर्षीय प्रांजल पुत्र मेघराज यादव टाइल्स लगाने का काम करता था। 28 फरवरी को दोपहर में वह एक निर्माणाधीन मकान की बाथरूम में लगी टाइल्स की सफाई किसी रसायन से कर रहा था। उसके साथ दो अन्य मजदूर भी मौजूद थे। इस दौरान उनमें से एक ने तलब लगने पर बीड़ी सुलगाई। रसायन अत्यंत ज्वलनशील होने से अचानक भड़की आग में तीनों झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए एम्स ले जाया गया। मामूली जले एक युवक को उसी दिन छुट्टी मिल गई थी, जबकि प्रांजल और उसके साथी को भर्ती कर लिया गया था। शनिवार शाम को प्रांजल की मौत हो गई। उसका साथी अभी अस्पताल में भर्ती है।

### आग से झुलसी महिला की मौत

■ भोपाल, यशभारत।

गौतम नगर थाना इलाके में पिछले दिनों खाना बनाते समय गैस चूल्हे से भड़की आग से एक महिला झुलस गई थी। मां को आग से बचाने के दौरान उनका बेटा भी जल गया था। महिला ने इलाज के दौरान शुक्रवार रात दम तोड़ दिया। गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक 45 वर्षीय कल्पना पंथी जेपी नगर में परिवार के साथ रहती थीं। 27 फरवरी को खाना बनाते समय भड़की आग से कल्पना जलने लगी थी। घर में मौजूद बेटा वैभव ने किसी तरह मां को आग से बचाया। इस प्रयास में वह भी बुरी तरह जल गया था। मां-बेटे को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को मां की मौत हो गई। बेटे की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

### बड़ी बहन के रिश्तेदार ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म



■ भोपाल, यशभारत।

बागसेवनिया थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसकी बहन के रिश्तेदार के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। वह दो साल से शादी करने का भरोसा देकर युवती का शारीरिक शोषण कर रहा था। बाद में उसने शादी करने से साफ मना कर दिया। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। बागसेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय युवती इलाके में किराए के मकान में रहती है। वह एक निजी फर्म में नौकरी करती है। बड़ी बहन की शादी के बाद युवती का परिचय बहन के ससुराल पक्ष के रिश्तेदार पुष्प कुमार नाम के युवक से हो गया था। वह उनके घर भी आता-जाता था। इस वजह से उनमें बातचीत होती रहती थी। धीरे-धीरे उनके बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। पूर्व में दोनों बैतूल में रहते थे।

## अब तक परीक्षा केंद्र तय नहीं हुए

# 5वीं व 8वीं की बोर्ड परीक्षा में 20 दिन का समय शेष

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश के 5वीं व 8वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा बोर्ड की तर्ज पर ली जाएगी।ये वार्षिक परीक्षाएं 25 मार्च से शुरू होगी। ऐसे में 20 दिन का समय शेष है, लेकिन अब तक परीक्षा केंद्र चिन्हित नहीं किए गए है।इस बार एक जनशिक्षा केंद्र पर तीन परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इस कारण इस बार आठ से दस किमी की दूरी पर परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे।इससे 5वीं के विद्यार्थी दूर केंद्र बनने से परेशान होंगे।राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। छह मार्च से विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र में त्रुटियों को सुधार कर वितरण करना है, लेकिन अब तक केंद्रों का निर्धारण नहीं हो पाया है। जारी निर्देश में 28 फरवरी तक परीक्षा केंद्रों का चयन कर लिया जाना था और छह मार्च से बच्चों को प्रवेश पत्र जारी होने थे।यहां तक बच्चों की सही से मैपिंग भी नहीं हो पाई है।इस कारण वे परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। बता दें, कि इस बार बोर्ड परीक्षा में प्रदेश भर से सरकारी व निजी स्कूलों का मिलाकर करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।इसके लिए करीब 12 हजार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।




### स्कूलों की मैपिंग का आज अंतिम दिन

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) द्वारा चिन्हित परीक्षा केंद्र, परीक्षा केंद्राध्यक्ष और परीक्षा केंद्रवार विभिन्न स्कूलों की मैपिंग का अंतिम अनुमोदन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा रविवार तक किया जाना है, लेकिन अभी तक परीक्षा केंद्रों को चिन्हित नहीं किया गया है।

### बच्चों को 15 मार्च तक प्रवेश पत्र वितरण करना है

स्कूलों के प्रभारी को छह से दस मार्च तक प्रवेश पत्रों में दिए गए विवरण का मिलान कर त्रुटियों को सुधार करना है।15 मार्च तक बच्चों को प्रवेश पत्रों का वितरण करना है। प्रदेश के 5वीं व 8वीं के करीब 20 हजार बच्चों की समग्र आईडी नहीं है।ऐसे में राज्य शिक्षा केंद्र इन बच्चों को भी परीक्षा में शामिल करने की तैयारी में है।

# होली पर भोपाल, रानी कमलापति व संत हिरदाराम नगर स्टेशन से छह विशेष ट्रेन

■ भोपाल, ईएमएस।

होली पर अपने गृहनगर जाने के इच्छुक यात्रियों की सहूलियत के लिए भोपाल, रानी कमलापति व संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन से छह विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इनमें से कुछ ट्रेनें शुरू हो चुकी है तो कुछ आने वाली अलग-अलग तारीखों में चलेंगी। इनके चलने से यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे ने यह निर्णय रोजाना चलने वाली ट्रेनों में नो रूम व वेटिंग की स्थिति को देखते हुए लिया है। भोपाल रेल मंडल के अलावा भी दूसरे मंडलों ने विशेष ट्रेनें चलाई हैं, जो भोपाल मंडल के भोपाल, इटारसी, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर व बीना स्टेशन से होकर गुजर रही हैं। यात्रियों को सलाह दी गई है कि इन ट्रेनों में सफर करने के लिए नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस), रेल सुविधा नंबर 139 अथवा रेलवे के पूछताछ काउंटरों पर जाकर जानकारी ले लें। टिकट बुक कराते समय भी इन ट्रेनों को अलग-अलग तारीखों में खोजना होगा, क्योंकि रेलवे ने इन्हें चुनींदा तारीखों में ही चलाने का निर्णय लिया है। **ये विशेष ट्रेनें चलाई जा रहीं** - ट्रेन 02179 रानी कमलापति-रीवा सुपरफास्ट होली विशेष ट्रेन रविवार को रानी कमलापति स्टेशन से रात 9.15 बजे विदिशा के रास्ते रात 12.20 बजे बीना पहुंचेगी। यहां से सतना होते हुए अगले दिन सुबह 7.20 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।- ट्रेन 02190 रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट होली विशेष ट्रेन सोमवार को रीवा स्टेशन से शाम 6.50 बजे चलकर कटनी मुड़वारा होते हुए रात 1.55 बजे बीना और सुबह 4.30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। - ट्रेन 09343 डा. आंबेडकर नगर-पटना होली विशेष ट्रेन 10 व 17 मार्च को डा. आंबेडकर नगर स्टेशन से तड़के 5.05 बजे चलकर सुबह 8.28 बजे संत हिरदाराम नगर से होकर सागर, दमोह, कटनी मु?वारा, सतना स्टेशन होते हुए अगले दिन तड़के चार पटना स्टेशन पहुंचेगी। - ट्रेन 09344 पटना- डा. आंबेडकर नगर होली विशेष ट्रेन 11 व 18 मार्च को पटना स्टेशन से सुबह 7.20 बजे चलकर सतना, कटनी मु?वारा, दमोह, सागर स्टेशन होते हुए रात 1.53 बजे संत हिरदाराम नगर और तड़के 6.15 बजे डा. आंबेडकर नगर स्टेशन पहुंचेगी।



# टोल नाके पर खड़े ट्रक में घुसी बाइक, एक की मौत, दो गंभीर

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के मिसरोद थाना इलाके में 11 मील बायपास स्थित टोल नाका के पास एक तेज रफ्तार बाइक सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुए इस हादसे में बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में पीछे बैठे दो युवक भी घायल हो गए, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिसरोद थाना पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय उमेश गौर बिलखिरिया थाना क्षेत्र के अमझरा गांव में रहता था। शुक्रवार को वह अपने भाई निखिल गौर व ममेरे भाई महेश के साथ किसी काम से मंडीदीप गया था। वहां से रात के समय तीनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। रात लगभग पौने तीन बजे वे लोग 11 मील बायपास स्थित टोल नाका के पास पहुंचे थे। वहां चालक ट्रक को सड़क पर खड़ा कर पर्ची कटाने नाका पर गया था। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। सिर में गंभीर चोट लगने से उमेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निखिल और महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है।



करंट लगने से किसान की मौत

उधर, खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में खेत में पानी देने के लिए मोटर चालू करते समय करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। खजूरी सड़क थाना पुलिस के मुताबिक 55 वर्षीय विनोद पुत्र प्रभुलाल भिलाला ग्राम भौंरी में रहता था।

### दस सेकंड में शादी समारोह के स्टेज से बैग उड़ाया, रखे थे 60 हजार रुपये

भोपाल यशभारत। शादी समारोह के स्टेज से नकदी, उपहारों से भरे बैग चोरी होने की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी क्रम में कोहेफिजा थाना इलाके के एक मैरिज गार्डन में समारोह के दौरान स्टेज पर कुर्सी पर रखा बैग महज 10 सेकंड में चोरी कर लिया गया। घटना के बाद वहां लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक किए गए। उसमें लगभग 16 वर्ष का एक किशोर लेकर जाता हुआ दिख रहा है। पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपित की तलाश कर रही है। इस तरह की चोरी की चार माह में आधा दर्जन से अधिक वारदातें हो चुकी हैं। उनमें करीब छह लाख रुपये का माल चोरी जा चुका है, लेकिन किसी भी मामले में आरोपित नहीं मिले हैं। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक नारियलखेड़ा निवासी अमित लीखार कालेज छात्र है। एक मार्च को अमित के बड़े भाई की शादी का समारोह हलालपुर बस स?टैंड के पास स्थित मूनलाइट मैरिज गार्डन में आयोजित था। रात करीब नौ बजे परिवार के लोग स्टेज पर वर-वधु के साथ फोटो खिंचवा रहे थे।

## राजस्व वसूली शिविरों का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

# नगर निगम की सख्ती, बकायादारों की संपत्ति होगी कुर्क, नल कनेक्शन किए जाएंगे विच्छेद

■ भोपाल, यशभारत।

शहर में अब करों की वसूली के लिए नगर निगम द्वारा सख्त कदम उठाए जाएंगे। बकायादारों की संपत्तियां कुर्क की जाएगी और नल कनेक्शन विच्छेद किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने शनिवार को कर वसूली के लिए लगाए जा रहे शिविरों का निरीक्षण किया और करदाताओं को करों की अदायगी के लिए समझाइश दी। उन्होंने यह भी कहा कि शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने व बकायादारों की संपत्तियां कुर्क करने व नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त चंद्रप्रताप गोहल, जोन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।शहर के विभिन्न क्षेत्रों एवं राजस्व वसूली व बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान निगमायुक्त ने करदाताओं के आपत्तियों के निराकरण व करदाताओं को करों की अदायगी सुविधा पूर्ण ढंग से कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही नल कनेक्शन विच्छेद आदि की कार्रवाई भी अपने समक्ष कराई। निगमायुक्त ने वार्ड क्रमांक 17 के तहत नए कबाड़खाने की दुकानों में ताला लगाने और नवबहार सब्जी मंडी के किराया जमा न करने वाले कारोबारियों के आवंटन निरस्त करने के निर्देश भी संबंधित जोन अधिकारी को दिए हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 30, 31, 12, 19, 20, 58, 64 एवं 65 सहित अन्य क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए गए। निगमायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों की गली-मोहल्लों एवं घर-घर जाकर करदाताओं से चर्चा की एवं चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार सहित अन्य करों/शुल्कों की अदायगी करने की समझाइश दी। निगम आयुक्त ने यह भी समझाइश करदाताओं को दी कि 31 मार्च 2023 के बाद कर जमा करने पर स्वयं के उपयोग की संपत्तियों पर 50 प्रतिशत की छूट भी नहीं मिल पाएगी।




## नौ दिन तक दिल्ली में डेरा डाला

# प्रतिष्ठित कंपनी से मिलती जुलती वेबसाइट बना कर ठगी करने वाली दिल्ली की गैंग का पदार्फाश

■ भोपाल, यशभारत।

क्राइम ब्रांच ने ई-कामर्स कंपनियों की मिलती जुलती नाम वाली वेबसाइट बनाकर सस्ते दाम में लैपटाप, मोबाइल बेचने का लालच देकर ठगी करने वाले दिल्ली की जालसाज गैंग का पदार्फाश किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने अब तक पांच लाख रुपए की ठगी करना कबूल किया है। पुलिस ने नौ आरोपितों से नौ मोबाइल फोन, टेलीफोन बाक्स 22, 19 सिम कार्ड जब्त किए हैं। डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित कुमार ने बताया कि कमलानगर, कोटरा सुल्तानाबाद रोड की रहने वाली महिला ने साइबर क्राइम में तीन दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि अपनी बेटी के लिए लैपटाप लेने के लिए उन्होंने गूगल पर सर्च कर रजिस्ट्रेशन किया था। इसके बाद उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह बिगबाजार प्रो डाट काम से बोल रहा है। उसने सस्ते दाम में लैपटाप दिलाने के नाम पर 599 रुपए का रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद आइडी एक्टिवेट, नामिनी का आइडी एक्टिवेट समेत अन्य फीस बताकर 10 दिन के अंदर चार लाख 81 हजार 597 रुपए जमा करा लिए। इसके बाद फोन बंद कर लिया। धोखाखड़ी का पता चलने पर वह शिकायत लेकर पहुंची। पुलिस ने महिला की तरफ से उपलब्ध कराए गए बैंक डिटेल और फोन नंबर के आधार पर जांच शुरु की। तकनीकी एनालिसिस, बैंक डिटेल और फोन नंबर की मदद से आरोपितों की लोकेशन दिल्ली की मिली।




दिल्ली में नौ दिन तक रैकी करने के बाद पुलिस टीम ने गोविंदपुरी स्थित एक काल सेंटर पर छापा मारा। पुलिस ने वहां से सम्राट बुदक, प्रोवीर वैध्य, अजय शिकारी, सुनील दास, पंकज, आसिफ खान, नितेश पाल, राहुल हलधर, रोहित कुमार को गिरफ्तार किया। इनमें तुगलकाबाद एक्सटेंशन के रहने वाला 25 वर्षीय नितेश पाल और 23 वर्षीय आसिफ खान मुख्य आरोपित हैं।

## कांग्रेस फिर किसानों पर लगाएगी दांव उपज का मूल्य दिलाने का देगी वचन

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश कांग्रेस नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में एक बार फिर किसानों पर दांव लगाएगी। उपज का उचित मूल्य दिलाने के उपायों को वचन पत्र में शामिल किया जाएगा। इसमें गेहूं, धान सहित अन्य उपज शामिल होंगे। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने किसान ऋष्ण माफी योजना का वचन दिया था। इसे समर्थन भी मिला और वर्ष 2018 में 15 साल बाद प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी हुई थी। किसानों को तीन हजार रुपये गेहूं का मूल्य दिलाने के लिए विधानसभा के बजट सत्र के बाद जिलों में आंदोलन की तैयारी की भी जा रही है। नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी सभी वर्गों को साधने पर काम कर रही है। पार्टी का जो वचन पत्र तैयार हो रहा है, उसमें सभी वर्गों से जुड़ी घोषणाएं होंगी। अभी तक ऋष्ण माफी योजना का लाभ पाने से वंचित किसानों के लिए योजना को लागू करने, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रति माह आर्थिक सहायता देने की घोषणा की जा चुकी है। वचन पत्र में किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने का भी प्रविधान रखा जाएगा। इसके लिए ऐसी योजना लागू की जाएगी, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष घोषित होने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक राशि प्राप्त हो। पार्टी ने हाल ही में विधानसभा में तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदने की मांग की। इस दौरान विभिन्न किसान संगठनों से भी किसानों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली गई है ताकि उसके समाधान की कार्ययोजना वचन पत्र में प्रस्तुत की जा सके। उधर, कृषि मंत्री कमल पटेल ने कांग्रेस के वचन पत्र में किसानों के लिए प्रस्तावित किए जा रहे प्रविधानों पर कहा कि प्रदेश की जनता अब गुमराह होने वाली नहीं है। कांग्रेस यदि किसानों की इतनी ही हितैषी थी तो सभी किसानों की ऋण माफी क्यों नहीं की।

## विजेताओं को महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कार वितरण

# पमरे में रेल नाटक प्रतियोगिता का हुआ शानदार समापन

**जबलपुर यशभारत। पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर में रेल सौरभ (ऑफिसर्स कॉलोनी) के सभागार में 2 से 4 मार्च 2023 तक तीन दिवसीय अंतर रेल नाटक प्रतियोगिता महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल के संरक्षण में एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं पमरे सांस्कृतिक अकादमी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में कार्मिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर विजेता टीमों को महाप्रबंधक एवं पमरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा तथा अपर महाप्रबंधक एवं पमरे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा द्वारा पुरस्कार वितरण कर समारोह संपन्न हुआ। प्रथम पुरस्कार ईस्टर्न रेलवे के नाटक शास्ती को, द्वितीय पुरस्कार पश्चिम मध्य रेलवे के नाटक सखी सुहाग राम मोहे दीन्हा को एवं तृतीय पुरस्कार बनारस लोकोमोटिव वर्क्स के नाटक सूतपुत्र को मिला। सर्वोच्च निर्देशन का पुरस्कार पश्चिम मध्य रेलवे के निर्देशक संजय गर्ग को दिया गया साथ ही साथ बेस्ट अभिनेता का पुरस्कार भी पश्चिम मध्य रेलवे के रिजवान अली को दिया गया।**

यह समापन समारोह पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं पमरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती संध्या गुप्ता के विशिष्ठ अथिति में उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। अपने उद्धबोधन में महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी को अंतर रेलवे नाट्य प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूँ। साथ ही इस प्रतियोगिता में शामिल सभी कलाकारों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी पश्चिम मध्य रेल की ओर से बधाई देता हूँ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे/उत्पादन इकाइयों से कुल 20 दलों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 350 रेल कर्मचारी एवं उनके सहभागी द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इस प्रतियोगिता में सभी क्षेत्रीय रेलवे/उत्पादन इकाइयों द्वारा अपने-अपने राज्यों की रंग बिरंगी विभिन्न वेशभूषा के साथ मनमोहक आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। इस नाट्योत्सव के पहले दिन 10 नाटकों का मंचन किया गया प्रथम दिन प्रस्तुत अन्य नाटकों में मध्य रेल, मुंबई द्वारा गेंदा पूर्व तट रेलवे भुवनेश्वर द्वारा नागमण्डल पूर्व रेल द्वारा शास्ति आईसीएफ चैन्नई द्वारा छमायाम उत्तर रेलवे द्वारा आ?ाद लहू उत्तर मध्य रेलवे द्वारा बेबसी एवं एनएफआर द्वारा बोनसाई शीर्षित नाटकों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन में उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर द्वारा इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर के माध्यम से इंस्पेटर मातादीन द्वारा पुलिस की कार्यशैली पर व्यंगात्मक चित्रण किया गया। पटियाला लोकोमोटिव वर्कशॉप द्वारा पूस की रात के माध्यम से मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी पूस की कड़क सर्द रात का अत्यंत मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया। रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला द्वारा इंतजार के माध्यम से झुग्गी झोपड़ी की दिनचर्या का नाटक के माध्यम से मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया।




### अनेक नाटकों का हुआ मंचन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा एक नाटक ऐसा भी के माध्यम से नाटक का मंचन किये जाने की तैयारी में आने वाली समस्याओं का चित्रण प्रस्तुत किया गया। पश्चिम रेलवे, चर्चगेट मुंबई द्वारा मुक्तिधाम शीर्षक सहित 20 अन्य आकर्षक नाटक का मंचन हुआ/ इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक राजेश पाठक, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिक इंजीनियर राकेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज शर्मा, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. के. अलबेला, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक डी. सी. अहिरवार, मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर विवेक शील, सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार एवं महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती सन्निति चौधुरी तथा अन्य सदस्याओं सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी का मार्गदर्शन एवं पमरे सांस्कृतिक अकादमी के कर्मचारियों एवं कार्मिक विभाग के अधिकारयों तथा कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# सिहोरा में मध्य प्रदेश सरकार की अर्थी निकाल फूंका पुतला

## 74 हफ्तों से शांतिपूर्ण चल रहा आंदोलन हुआ उग्र

सिहोरा,यशभारत। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सिंह चौहान द्वारा मऊगंज को जिला बनाए जाने की घोषणा के दूसरे ही दिन डेढ़ वर्षो से लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा सिहोरा जिला आंदोलन भड़क उठा ।आक्रोशित लोगों ने मध्य प्रदेश सरकार की अर्थी निकालकर पूरे नगर में घुमाया और अंत में चौराहे पर उसे आग के हवाले कर दिया ।आक्रोशित लोगों ने मध्य प्रदेश सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की और कहा कि अगर सिहोरा को जिला नहीं बनाया जाता तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।विदित हो कि सदैव शांतिपूर्ण रहने वाला सिहोरा में पहले भी जिला की मांग पर उग्र प्रदर्शन हो चुके है।



49 वाँ जिला बना था सिहोरा- सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति द्वारा पिछले डेढ़ वर्ष से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है ।लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अपने धरने की 74 वे रविवार को मध्य प्रदेश सरकार के विरुद्ध पहली बार जबरदस्त आक्रोश दिखाया ।समिति ने मऊगंज को जिला बनाने का जहां स्वागत किया वहीं मध्य प्रदेश सरकार से पूछा कि तमाम दावे आपत्तियों ने निराकरण के बाद 11 जुलाई 2003 को राजपत्र प्रकाशन और 1 अक्टूबर 2003 को मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट से सिहोरा को प्रदेश के 49 वें जिले के रूप में मंजूरी मिल जाने के बाद भी 20 वर्ष गुजर जाने गुजर गए सिहोरा जिला आज तक अस्तित्व में क्यों नहीं आया।

### उमा भारती किस पार्टी की

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को संबोधित करते हुए पूछा कि उमा भारती किस पार्टी की है उमा भारती द्वारा 5 जून 2004 को सिहोरा आकर सिहोरा जिला की घोषणा की गई थी ।परंतु उनके बाद बने बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान ने उमा जी के कहे गए कथनों को आज तक पूरा क्यों नहीं किया है ।सिहोरा वासी जानना चाहते हैं की उमाजी किस पार्टी की है और क्या भारतीय जनता पार्टी व्यक्तिवादी पार्टी है जो उमाजी कह कर गए वो किसी और पार्टी का था और जो शिवराज जी कर रहे हो वो किसी और पार्टी का।

### 9 को होगा जंगी प्रदर्शन

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने मध्यप्रदेश सरकार का पुतला फूंकने के बाद एक आम सभा का आयोजन भी सिहोरा बस स्टैंड में किया ।आम सभा में उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार को दो टूक चेतावनी दी कि सिहोरा की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डेढ़ वर्ष का पर्याप्त समय विचार के लिए देने के बाद भी मध्यप्रदेश सरकार का नकारात्मक रवैया बना हुआ है और स्थानीय भाजपा प्रतिनिधि जिला मुद्दे पर दूरी बनाए हुए हैं। अब समय आ गया है कि सरकार से आर-पार की लड़ाई का शंखनाद होगा। समिति ने चेतावनी दी कि 9 अप्रैल को सिहोरा मझौली ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद के हजारों वासियों के द्वारा सिहोरा में एक जंगी प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी मध्यप्रदेश सरकार की होगी।

### *सिहोरा भाजपा स्पष्ट करें अपना अभिमत

* लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने सिहोरा के विधायक और स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधियों को भी आड़े हाथों लिया और पूछा कि क्या वे सिहोरा जिला के पक्ष में है या नहीं ।उन्होंने मांग की कि सिहोरा भारतीय जनता पार्टी इस बात को स्पष्ट करें वह जिला के पक्ष में है अथवा नहीं। आज के धरना प्रदर्शन में लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के कृष्ण कुमार ?ुररिया,रामजी शुक्ला, नत्थू पटेल गौरी राजे ,राम लाल यादव, विकास दुबे मानस तिवारी अमित बख्शी अनिल जैन सुशील जैन अखिलेश पटेल प्रकाश मिश्रा राजेंद्र गर्ग अनिल कुररिया,सुरेंद्र चौहान,पन्नालाल,अजय विश्वकर्मा,मुकेश दीक्षित,संजय भावसार, सहित सैकड़ों सिहोरा वासी मौजूद रहे।

# पांच-पांच हजार कन्याओं के खाते में डाले जाएंगे : पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह



## धूमधाम से संपन्न हुआ आदिवासी सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह महायज्ञ


**जबलपुर,यशभारत।** अखिल भारतीय आदिवासी समरी महासंघ के तत्वाधान में 25वां आदिवासी सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय सुहागी अधारताल में आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पधारे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 33 कन्याओं के खाते में अपनी तरफ से 5-5 हजार रूपये डालने की मंच से घोषणा की और सभी विवाहित जोड़ों के सुखद व स्वस्थ्यमय जीवन की मंगल कामना की। कार्यक्रम की आयोजिका पूर्व मंत्री सुश्री कौशल्या गोंटिया ने बताया कि अखिल भारतीय आदिवासी समरी महासंघ के तत्वधान में 25वां सम्मेलन किया गया। जिसमें 33 वर वधु ने आदिवासी रीति रिवाज से फेरे लिए। आगे उन्होंने बताया कि यह आयोजन हर्ष वर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान रोशनी कोल, राजकुमार गोंटिया, विनीता कोल, माधुरी कोल, शुभम कोल, सुहजना, रीना कोल, सुनील कोल, काजल कोल, सुसील कोल, कैलवास, मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव जयप्रकाश अग्रवाल, सह प्रभारी सी पी मित्तल, महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह, पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम, पूर्व विधायक निशित पटेल, नन्हे लाल धुर्वे, दिनेश यादव, राधेश्याम चौबे, वीरेंद्र चौबे, चतुर सिंह लोधी, अखिल भारतीय आदिवासी समरी संघ के अध्यक्ष रोशन लाल कोल, सुमित्रा गोंटिया, भैयालाल गोंटिया, जेठू लाल कोल, अनीता गोंटिया, कौशल्या ठाकुर, गणेश कोल, लक्ष्मी नारायण कोल, लक्ष्मी गोंटिया, पार्षद गीता गोंटिया, सुभद्रा गोंटिया आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति रहे।

### एचडीएफसी लाइफ का गारंटीड इनकम इंश्योरेंस प्लान आपके एवं आपके परिजनों के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की प्रमुख लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एचडीएफसी लाइफ गारंटीड इनकम इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है। यह प्रोडक्ट नियमित टैक्स फ्री लाभ और मृत्यु लाभ की गारंटी देता है। एचडीएफसी लाइफ द्वारा लगातार ऐसे प्रोडक्ट पेश करने की कोशिश की जाती है, जो ग्राहकों के लिए जीवन के विभिन्न चरणों की ज़रूरतों को पूरा करे। एचडीएफसी लाइफ गारंटीड इनकम इंश्योरेंस प्लान के जरिये, कंपनी ग्राहकों को अपने लिए एक पूंजी निर्माण करने का मौका देती है, जो उन्हें नियमित एवं गारंटीकृत आमदनी के साथ लगातार मदद करती रहेगी। लाइफ इंश्योरेंस हर उस व्यक्ति के लिए आवश्यक है जिसके पास अपने परिवार की जिम्मेदारियां और लंबी अवधि के आर्थिक लक्ष्य हैं। एचडीएफसी लाइफ गारंटीड इनकम इंश्योरेंस प्लान इन जीवन लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर सकता है।

### पाटन प्रेस क्लब का गठन राहुल महाजन बने अध्यक्ष

पाटन, यशभारत। प्रेस क्लब की कार्यकारी बैठक पाटन रेस्ट हाऊस में संपन्न हुई जिसमें अभिषेक अग्रवाल ,राहुल महाजन, इंद्र कुमार पटेल, केशव सिंह ठाकुर, ठा.राजेंद्र सिंह, लकी जैन,अंकित जैन ,हर्षित जैन कुलदीप बबेले, सुशील पांडेय,सुजीत सिंह ठाकुर, पवन बर्मन, अभिनव जैन उपस्थित हुए बैठक में सर्वसम्मति से राहुल महाजन को पाटन प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना गया इंद्र कुमार जी पटेल को उपाध्यक्ष अंकित जैन कोषाध्यक्ष कुलदीप बबेले सह सचिव सर्वसम्मति से बनाया गया सभी क्लब के सदस्यों ने पदाधिकारियों का मिष्ठान खिलाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।



### अश्विनी कुमार पाठक की दोहा सतसई विशिख प्रकाशित



सिहोर, यशभारत।। नगर के ख्याति लब्ध साहित्यकार कवि अश्विनी कुमार पाठक का पांचवा दोहा संग्रह विशिख दोहा सतसई के रूप में प्रकाशित हुआ है नमन प्रकाशन नई दिल्ली से निकली इस कृति मैं 7732 है हैं सतसई की सुधीर जो परंपरा संख्या में एक और कड़ी जोड़ते हुए श्री पाठक ने दोहा सृजन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान बनाया है विशिख मैं व्यक्ति समाज धर्म ,अध्यात्म ,परिवार ,ग्राम बोध, राजनीति, सभ्यता संस्कृति ,प्रकृति आदि सभी से संबंधित चुभते हुए दोहे हैं जो अंतर्मन को वेद कर निकलते हैं और पीड़ा का संसार रच देते हैं

### जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस-साप्ताहिक स्पेशल की संचालन अवधि जून तक विस्तारित

**जबलपुर यशभारत।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 02134/02133 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि को जून तक बढ़ाया गया है। इस स्पेशल रेलगाड़ी के विस्तारित होने पर *पमरे के जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, भोपाल एवं संत हिरदा रामनगर स्टेशन के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। रेलयात्री किसी भी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाईट से विस्तारित अवधी के आरक्षण की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। पमरे मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि जबलपुर से प्रत्येक शुक्रवार को प्रस्थान कर बांद्रा टर्मिनस को जाने वाली गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 30 जून 2023 तक तथा बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक शनिवार को प्रस्थान कर जबलपुर आने वाली गा?ी संख्या 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 1 जुलाई 2023 तक चलती रहेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व गा?ी संख्या 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि दिनांक 28 अप्रैल 2023 तक तथा गाड़ी संख्या 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि दिनांक 29 अप्रैल 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोरोना के संभावित नए वेरिएंट को देखते हुए कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।



# इल्म से रोशन करें सरजमीने हिंदुस्तान को : मौलाना

**जबलपुर यशभारत** । मुस्लिम बहुल क्षेत्र मंडी मदार टेकरी स्थित इस्लामी शिक्षा केंद्र दारुलउलूम अहले सुन्नत मे शबे बारात के मुबारक मौके पर पचासवें गोल्डन जुबली दीक्षांत समारोह ( जश्ने दस्तारबंदी ) का आयोजन अक़ीदत और उल्लास से किया गया । सूफिय मिल्लत हज़रत बाबा सैय्यद तनवीर अशरफ शाह जिलानी रहमतुल्ला अलेह के रूहानी फैजान व फ़ाज़लि बगदाद अमीर ए मिल्लत, सूफी ए हिंद, हज़रत अल्लामा मौलाना सैय्यद हसन असकरी मियां की जेरे सरपरस्ती मे आयोजित समारोह मे खतीबे एशिया व यूरोप हज़रत अल्लामा सैय्यद हसन असकरी अशरफ़ी उल जिलानी ने कहा कि हिंदुस्तानी मुसलमान इल्म हासिल करें और सरजमीने हिंदुस्तान को इल्म से रोशन करें, हज़रत सैयद कौसर रब्बानी साहब जबलपुर, जा नशीने बाबाए मिल्लत सूफी फारुख शेख मुंबई, सैय्यद इमाद अशरफ, आबरू ए सुन्नत हज़रत अल्लामा मुफ्ती मुईनुद्दीन अशरफ़ी ( बिहार ) खतीब ए महाराष्ट्र हज़रत अल्लामा हाफिज पीर नवाज़, ( पूना ) नूरानी तक़रीर बयान फरमाई। जल्से की निज़ामत हज़रत अल्लामा सैय्यद अबरार बापू अशरफ़ी ( गुजरात ) ने की। शाहिर अशरफ़ी कोतमा, सैय्यद नौशाद अशरफ़ी गाडरवारा, यूसुफ रायपुरी, ने अक़ीदत के साथ नअत शरीफ पेश की। इस मौके पर 32 आलिम, 37 कारी, 44 हाफिज, सनद से नवाजे गए। मुल्क की तरक़्क़ी और कामयाबी की दुआएँ की गई व सलातो सलाम के बाद जल्से का समापन हुआ।

# आज से बिलासपुर-रीवा- नर्मदा .सारनाथ व उत्कल एक्सप्रेस का कई स्टेशनों पर प्रायोगिक

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट एवं गुजरने वाली ट्रेनों को प्रायोगिक तौर पर आज 6 मार्च 2023 से अगले छह माह के लिए 2 मिनट का ठहराव देने का निर्णय लिया गया है।

***यह है ठहराव की विस्तृत जानकारी***

*1) गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन -गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर से रीवा ट्रेन आज से प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर से प्रस्थान कर दूसरे दिन उमरिया स्टेशन पर आगमन समय 00.20 बजे एवं प्रस्थान समय 00.22 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर से रीवा ट्रेन 6मार्च से प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर से प्रस्थान कर उसी दिन बीरसिंहपुर स्टेशन पर आगमन समय 23.54 बजे एवं प्रस्थान समय 23.56 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18248 रीवा से बिलासपुर ट्रेन आज से प्रारंभिक स्टेशन रीवा से प्रस्थान कर दूसरे दिन उमरिया स्टेशन पर आगमन समय 02.46 बजे एवं प्रस्थान समय 02.48 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 18248 रीवा से बिलासपुर ट्रेन आज से प्रारंभिक स्टेशन रीवा से प्रस्थान कर दूसरे दिन बीरसिंहपुर स्टेशन पर आगमन समय 03.14 बजे एवं प्रस्थान समय 03.16 बजे रहेगा।




बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर से इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन 06मार्चसे प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर से प्रस्थान कर उसी दिन जैतहरी स्टेशन पर आगमन समय 14ः16 बजे एवं प्रस्थान समय 14.18 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18233 इंदौर से बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 05.03.2023 से प्रारंभिक स्टेशन इंदौर से प्रस्थान कर दूसरे दिन जैतहरी स्टेशन पर आगमन समय 10.54 बजे एवं प्रस्थान समय 10ः56 बजे रहेगा।

*3) गाड़ी संख्या 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन ः गाड़ी संख्या 15159 छपरा से दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन 06मार्च से प्रारंभिक स्टेशन छपरा से प्रस्थान कर उसी दिन उमरिया स्टेशन पर आगमन समय 22.09 बजे एवं प्रस्थान समय 22.11 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग से छपरा सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 05.03.2023मार्च से प्रारंभिक स्टेशन दुर्ग से प्रस्थान कर दूसरे दिन उमरिया स्टेशन पर आगमन समय 04.03 बजे एवं प्रस्थान समय 04.05 बजे रहेगा।

*4) गाड़ी संख्या 18477/18478 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन ः गाड़ी संख्या 18477 पुरी से योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 05मार्च से प्रारंभिक स्टेशन पुरी से प्रस्थान कर दूसरे दिन चंदिया रोड स्टेशन पर आगमन समय 19ः50 बजे एवं प्रस्थान समय 19.52 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18478 योग नगरी ऋषिकेश से पुरी उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन 05मार्च से प्रारंभिक स्टेशन योग नगरी ऋषिकेश से प्रस्थान कर दूसरे दिन चंदिया रोड स्टेशन पर आगमन समय 03ः27 बजे एवं प्रस्थान समय 03ः29 बजे रहेगा।यात्रीगण ट्रेनों के स्टॉपेज कि समय-सारिणी रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# गोटेगांव में प्रतिदिन आ रहे बाहर के डॉक्टर

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में प्रायः देखा जा रहा है कि प्रतिदिन नए नए डिग्रीधारी स्पेशलिस्ट्स डॉक्टरों की आवाजाही बनी हुई है जिसका बाकायदा अनाउंसमेंट भी होता है।हफ्ते में सातों दिन कई प्रकार की बीमारियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर आते हैं जिनकी भारी भरकम फीस के आगे गोटेगांव और आसपास की ग्रामीण जनता नतमस्तक हो लुट रही है परन्तु किसी भी जबाबदार अधिकारी को इन डॉक्टरों के लाइसेंस और डिग्री चैक करने की फुर्सत ही नहीं है।

प्रायवेट प्रैक्टिस करते हुये ये डॉक्टर जनता से अच्छी मोटी फीस तो ले लेते है जिससे इनकी दुकानदारी बेहतर चल रही है परन्तु मरीज़ों को आराम की गारंटी मिलना मुश्किल ही नहीं टेढ़ी खीर भी है।जब नगर एवं ग्रामीण जनता सब कुछ इन झोला छापों में गवां बैठती है फिर जनता नागपुर का रुख करती है जिससे बीमार मरीज की स्थिति काफी डावांडोल हो जाती है और फिर बीमारी में आराम भी नहीं लगता है।नगर में इन स्पेसलिस्ट बाहरी डॉक्टरों का आना और इनकी भारी भरकम फीस नगर में जनचर्चा का विषय बनता जा रहा है इनके डाक्यूमेंटों की जांच और रजिस्ट्रेशन की जांच भी हो।नरसिंहपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा मध्यप्रदेश के जबाबदार अधिकारियों से इन डॉक्टरों की कुंडलियों की जांच कर जनता को होने वाले नुकसान व भारी भरकम फीस से राहत देने की मांग नगर के नागरिकों द्वारा की जा रही है।शासन इन डॉक्टरों की कुंडलियां क्यों नहीं खंगालती।जांच करना जरूरी है।शासन ध्यान दे।

### डिग्री धारी डॉक्टरों के रजिस्ट्रेशन की नहीं हो रही जांच

# अपने आखिरी आईपीएल सीजन की तैयारी करते दिखे धोनी

**पहली दो बॉलों को टाइम किया, पहला मुकाबला गुजरात के घर में खेलेगी CSK**

**चेन्नई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन 31 मार्च से शुरू होने जा रहा है। अहमदाबाद के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के हाई वोल्टेज मुकाबले के साथ लीग की शुरुआत होगी। 41 साल महेंद्र सिंह धोनी ने इस मुकाबले की तैयारी भी शुरू कर दी है। वे सीजन के पहले प्रैक्टिस सेशन में उतरे। रविवार को उनका प्रैक्टिस करते वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में धोनी ने दो बॉलों का सामना किया और दोनों को टाइम करते नजर आए। CSK ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- च्शुक्रवार के अहसास को वाकई कुछ भी मैच नहीं कर सकता। इस पर सोशल मीडिया फैंस मजेदार जवाब दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, प्लीज, ये मत कहना कि यह धोनी का आखिरी सीजन है। एक अन्य यूजर ने लिखा- एमएस धानी के लंबे छक्कों को दोबारा देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर। धोनी का आखिरी IPL हो सकता है।



## एयरपोर्ट पर हुआ शानदार वेलकम

इससे पहले महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई एयरपोर्ट पर शानदार स्वागत हुआ था। उनका स्वागत फूलों से किया गया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। धोनी का यह आखिरी IPL हो सकता है। पिछले सीजन में एक मैच के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वे संन्यास लेने वाले हैं। तो धोनी ने इसके जवाब में कहा था कि मैं जब भी संन्यास लूंगा तो अपने घरेलू फैंस के बीच लूंगा। इस बार ष्टस्च लीग चरण का आखिरी मैच अपने होम ग्राउंड पर 14 मई को खेलेगी। टीम ने 7 मई 2019 को अपने घर में आखिरी मुकाबला खेला था। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि धोनी उस मुकाबले के बाद संन्यास का ऐलान कर सकते हैं, हालांकि इस पर कोई अधिकृत बयान नहीं आया है।

## धोनी की कप्तानी में चार बार चैंपियन बनी है ष्टस्च

भारतीय लीग में CSK की टीम MI के बाद सबसे सफल टीम में से एक है। MI ने 5 खिताब जीते हैं, जबकि धोनी ने अपनी कप्तानी में ष्टस्च ने धोनी को 4 चैंपियन बनाया है। धोनी की कप्तानी में ही ष्टस्च की टीम ने 2010 में पहला खिताब जीता था। फिर 2011 और 2018 में टीम धोनी की कप्तानी में चैंपियन बनी थी। वहीं आखिरी बार वह 2021 में खिताबी जीत हासिल की थी। तब भी धोनी ही ष्टस्च के कप्तान थे।

# डेनियल मेदवेदेव ने 3 हफ्ते में लगातार तीसरा खिताब जीता


**दुबई टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन आंद्रे रूबलेव को 6-2, 6-2 से हराया**

**दुबई ,एजेंसी।** 27 साल के रूसी खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में हम वतन आंद्रे रूबलेव को 6-2 6-2 से हराकर 3 हफ्ते में लगातार तीसरा खिताब जीता। इससे पहले वे दोहा और रॉटरडैम का खिताब भी अपने नाम किया। मेदवेदेव 2021 के बाद से लगातार तीन खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले जुलाई 2021में कैस्पर रूड और अक्टूबर 2022 में फेलिक्स ऑगर-अलियासिम जीत चुके हैं। मेदवेदेव ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच को एक तरफा मुकाबले में हराया। उन्होंने दोनों सेट 6-4, 6-4 से जीत लिए और जोकोविच को वापसी करने का मौका नहीं दिया। मेदवेदेव ने जोकोविच के खिलाफ तीन साल के बाद जीत हासिल की है। दोनों खिलाड़ी 14 बार आमने-सामने हो चुके हैं। मेदवेदेव की यह पांचवीं जीत है। आंद्रे रूबलेव जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहुंचे थे फाइनल में वहीं आंद्रे रूबलेव ने भी जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर दूसरी बार दुबई टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। रूबलेव पहला सेट आसानी से 6-3 से जीत लिया। लेकिन दूसरे सेट में उन्हें जीतने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दूसरा सेट उन्होंने 7-6 से जीता।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप टीम-चयनकर्ता पर उठे सवाल

**हरियाणा की बॉक्सर मंजू और पूनम का फेडरेशन को लेटर, कहा- बेहतर प्रदर्शन पर भी बाहर निकाला**

**रोहतक, ईएमएस।** हरियाणा के रोहतक की बॉक्सर मंजू रानी व हिसार की बॉक्सर पूनम ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की चयन टीम व चयनकर्ताओं को कटघरे में खड़ा करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। साथ ही दोनों महिला बॉक्सरों ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान को पत्र लिखकर इस मामले में निष्पक्ष जांच व उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते संतोषजनक कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा सकती हैं। दोनों महिला बॉक्सरों का नेशनल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन होने के बाद भी वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम में नाम नहीं था। इसलिए खफा होकर दोनों बॉक्सरों ने यह कदम उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस बॉक्सर को नंबर एक पर स्थान दिया गया है, वह केवल हरियाणा स्टेट में खेली और कोई मेडल भी नहीं ले सकी। जिसका कैंप के अंदर तीसरे नंबर पर नाम था और उसे वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाया जा रहा है और उसे



प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। जबकि उसने वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश को सिल्वर मेडल दिला रखा है। मंजू रानी ने पत्र में लिखा कि वह लगातार अपनी ट्रेनिंग कर रही हैं, और कोई छुट्टी भी नहीं ली। यहां तक कि आज तक कोई बीमारी व इंजरी भी नहीं हुई, लेकिन फिर भी बिना कारण वर्ल्ड चैंपियनशिप से नाम हटा दिया। उन्हें किस वजह से नंबर एक से हटाकर नंबर दो पर किया गया है और वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भी नियुक्त नहीं किया गया। उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि खिलाड़ियों का मनोबल तो?ा जा रहा है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसकी जांच की जानी चाहिए। जल्द से जल्द जांच करके न्याय दिलाया जाए और वर्ल्ड चैंपियनशिप में खेलने का मौका दिया जाए। साथ ही कहा कि अगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो वे मजबूरन कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगी। हिसार निवासी बॉक्सर पूनम पूनिया ने ने क्र्नद्ध के प्रधान को पत्र लिखते हुए कहा कि उन्होंने नेशनल में गोल्ड मेडल जीता और उनके साथ 11 अन्य महिला बॉक्सरों ने गोल्ड मेडल जीता था। जिनमें से 9 बॉक्सर को प्रदर्शन को देखते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चुना गया। जब उनका नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप के रिप्रेजेंटेटिव फोटो में वे नहीं दिखी तो आघात लगा। उन्होंने कहा कि वे इसके लिए कड़ी मेहनत कर रही थी। इंडिया के लिए टॉप परफॉर्मेंस देने के बाद भी देश के लिए नहीं खेल रही हैं। उन्होंने पत्र लिखकर कहा कि जो यह गलती है, उसको अगले 48 घंटे में ठीक किया जाए। अब चैंपियनशिप के लिए काफी कम समय है। ताकि वे भी तैयारी जारी रख सकें और देश को पदक दिला पाएं।

# खमरिया के जॉयदेब राय बने मिस्टर महाकोशल




**जबलपुर यशभारत।** गत दिनों सतना में आयोजित सतना बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में आयुध निर्माणी खमरिया के जॉयदेब रॉय ने65 किलोग्राम भार वर्ग में कड़ा संघर्ष करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया ।साथ ही सभी भार वर्ग में प्रथम आए खिलाड़ियों के साथ टाइटल मुकाबले में अपनी मांसपेशियों का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मिस्टर महाकौशल का टाइटल खिताब अपने नाम किया।जायदेव ने इसके पूर्व दिल्ली में आयोजित सेंट्रल सिविल सर्विसेस बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता मे अपने भर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जॉयदेब रॉय राष्ट्रीय निर्णायक श्री देबजीत चटर्जी , राज्य निर्णायक प्रीतम सिंहऔर फैजान सिद्धकी के मार्गदर्शन में आयुध निर्माणी खमरिया जूनियर स्टाफ क्लब में अभ्यास रत हैं।

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने सलमान खान को कहा छिछोरा

**सबा कमर बोलीं- सल्लू भैया से डर लगता हैं.. मामला बढ़ने पर दी सफाई**

**मुंबई, ईएमएस।** सबा कमर ने इरफान खान के साथ फिल्म हिंदी मीडियम में काम किया था। अब उनका एक थ्रो-बैक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल 2015 में सबा एक पाकिस्तानी टीवी शो में शामिल हुई थीं। शो के एक एपिसोड के दौरान उन्हें रणबीर कपूर, रितेश देशमुख, ऋतिक रोशन, इमरान हाशमी और सलमान खान की फोटोज दिखाई गई। फोटो दिखाने के साथ ही सभी के बारे में अलग-अलग सवाल किए गए। जब स्क्रीन पर सलमान की फोटोज आई तो सबा ने उन्हें छिछोरा कह के संबोधित कर दिया।





**इमरान हाशमी के साथ काम करके माउथ कैंसर नहीं कराना-** शो के होस्ट ने सबा से कहा कि वो कुछ एक्टर्स की फोटोज दिखाएंगी। सबा को ये टास्क मिला कि वो इन एक्टर्स के साथ किस स्थिति में काम नहीं करना चाहेंगी, साथ ही इसका कारण भी बताना पड़ेगा। जब उन्हें इमरान हाशमी की फोटो दिखाई गई तो उन्होंने तुरंत मना कर दिया। सबा ने कहा कि उन्हें माउथ कैंसर से डर लगता है, इसलिए इमरान के साथ काम नहीं करेंगी। रणबीर की तस्वीर देखने के बाद उन्होंने कहा, मैंने सुना है कि दीपिका पादुकोण के साथ इसका चक्कर है, इसलिए नहीं।

**सल्लू भैया से बहुत डर लगता है-** सबा ने सलमान की तस्वीर देखने के बाद कहा, च्अल्लाह माफ करे, लेकिन सल्लू भैया से बहुत डर लगता है। कोरियोग्राफर्स की तो बिल्कुल नहीं सुनते, अपना ही डांस स्टेप बना लेते हैं। बहुत छिछोरे हैं आप।ज हालांकि जब ये वीडियो वायरल हुआ तो सलमान खान के फैंस ने सबा को ट्रोल करना शुरू कर दिया। ट्रोलिंग को देखते हुए सबा को सफाई भी देनी पड़ी।

**मामला बढ़ने पर दी सफाई-** सबा ने सफाई पेश करते हुए कहा, च्मैंने शो में जो भी कहा वो सिर्फ फन के लिए था।ज इसके साथ ही उन्होंने सलमान खान को एक बहुत बड़ा स्टार करार दिया है, साथ ही कहा है कि वो रियल लाइफ में काफी हंबल भी हैं। उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की भी तारीफ की है।

**इरफान खान के साथ काम करके फेमस हुई थीं-** सबा कमर को भारत में इरफान खान की फिल्म हिंदी मीडियम में काम करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने एक बार कहा था कि वो काफी खुशनसीब हैं कि उन्हें इरफान खान साहब के साथ काम करने का मौका मिला। इसके अलावा उन्होंने मंटो, लाहौर से आगे और मूमल रानो जैसी फिल्मों में काम किया है।

### 2021 में जारी हुआ था गिरफ्तारी वारंट

सबा कमर कॉन्ट्रोवर्सी में भी रह चुकी हैं। 2020 में लाहौर पुलिस ने सबा कमर और बिलाल सईद के खिलाफ लाहौर के पुराने शहर में मस्जिद वजीर खान को अपवित्र करने के मामले में पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295 के तहत केस दर्ज किया था। स्नद्धक्र के अनुसार दोनों आर्टिस्ट ने डांस वीडियो बनाकर ऐतिहासिक मस्जिद की पवित्रता को भंग किया था। सबा के इस काम से लोगों में आक्रोश पैदा हो गया और काफी विवाद हुआ भी था। पवित्रता उल्लंघन के मामले में सरकार ने दो सीनियर ऑफिसर्स को भी बर्खास्त कर दिया था। सोशल मीडिया पर सबा को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। 2021 में पाकिस्तान की एक लोकल अदालत ने उनके और एक साथी के खिलाफ लाहौर की ऐतिहासिक मस्जिद में डांस वीडियो शूट करने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

# योगासना स्पोर्ट्स के मैडलिस्ट खिलाड़ी और कोच का हुआ सम्मान



**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ ( शिक्षण विभाग) मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स, स्वर परिंदे के संयुक्त तत्वावधान में विधायक लखन घनघोरिया के जन्मदिन पर रानी दुर्गावती संग्रहालय कला वीथिका भंवरताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान खेलो इंडिया में योगासना स्पोर्ट्स के अंतर्गत स्वर्ण पदक विजेता रिया और निष्ठा कोच द्वय शिवम गुप्ता,रुक्मणि राव को लखन घनघोरिया द्वारा सम्मानित भी किया गया.. स्वर परिंदे के द्वारा सु मधुर गीतों की प्रस्तुति की गई ।वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और श्री मनीष दुबे जी द्वारा शानदार नगमों की प्रस्तुति दी गई ।इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट डा प्रशांत मिश्रा,राजेश कांत सोनकर, दिनेश सिंह ठाकुर, राकेश नेमा, पप्पू वसीम, संजय साहू, राकेश श्रीवास्तव,जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, ठाकुर विक्रम सिंह, सूरज राय सूरज, डॉक्टर सुधीर तिवारी, एडवोकेट भावना निगम, इरफान झांस्वी डॉ अजय मिश्रा, राकेश कुरेले, डॉक्टर लोकेश श्रीवास्तव, अमोल चौरसिया, द्वारा सामूहिक रूप से पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर बल्ली रजक, जयंत जैन, शंभू सोनी, ललित सोनी, विवेक सोनी, सुरेंद्र शुक्ला सचिन राजपूत, शरद खजांची, प्रमेंद्र चौहान, विष्णु विनोदिया, बाबा अवस्थी, रत्नेश मिश्रा नागेश राव,श्री गजराज पी वैद्य, अशोक नामदेव , योगासना से विवेक पाठक,आशीष रैकवार,देवेंद्र पांडे,सलोनी अरोरा फिजियो थैरिपिस्ट डा अल्का मिश्रा की उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डा प्रशांत मिश्रा ने किया ।

# एडवोकेट प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट: टीम स्काई व टीम ब्लू जीतीं



**जबलपुर, यशभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वधान में रानीताल मैदान पर एडवोकेट प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज खेले गए पहले मैच में टीम स्काई ने टीम ब्लैक को हराया दूसरे मैच में टीम ब्लू ने वाइट को हराया। सुबह टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम स्काई ने निर्धारित 15 ओवरों में 152 रन बनाए जिसमें प्रद्युम्न पारे ने 52 और अनुराग ने 50 रन बनाए। टीम ब्लैक की तरफ से गेंदबाजी करते हुए चंदन ने एक विकेट लिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लैक मात्र 53 रन ही बना सकी। टीम की तरफ से प्रशांत कोहाड़े ने 3 विकेट लिए प्रदुम पारे को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वाइस चेयरमैन श्री आरके सिंह सैनी के द्वारा दिया गया। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के कार्यकारिणी सदस्य श्री शैलेंद्र यादव और सौरभ दीक्षित, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, सौरभ सिंह बघेल, दुर्गेश पटेल, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे। दोपहर में खेले गए दूसरे मैच में टीम वाइट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाए, जिसमें अंशुल मिश्रा ने 37 और गौरव ने 35 रन बनाए टीम ब्लू की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सरंजीत सिंह ने दो विकेट लिए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लू ने निर्धारित लक्ष्य 1 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।टीम ब्लू ने 9.4 ओवर में 123 रन बनाए और मैच जीत गए टीम वाइट की तरफ से राहुल रावत ने 1 विकेट लिया, सरनजीत को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी धमाल मचा रही यामी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



एक्ट्रेस यामी गौतम धर इन दिनों अपनी फिल्म लॉस्ट को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। यामी गौतम बड़े पर्दे से साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी धमाल मचा रही है। फिल्म में उन्होंने एक खोजी पत्रकार की भूमिका निभाई है जो एक लापता दलित युवक की तलाश में लगी है। इसकी तलाश उसे राजनीतिक गलियारों के काले पक्ष से रूबरू कराती है। उनकी ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 16 फरवरी को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अपने अभिनय के लिए यामी खासी सुर्खियाँ बटोरने में सफल हुई हैं। लॉस्ट के बाद यामी गौतम अपनी अगली फिल्म चोर निकल के भाग को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। हाल ही में इस फिल्म की प्रदर्शित तिथि की घोषणा की गई है। चोर निकल के भागा में यामी गौतम के साथ सनी कौशल अपने अभिनय का जलवा बिखरते नजर आएंगे। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित की जाएगी। नेटफ्लिक्स ने जो अभी हाल ही में इस फिल्म को लेकर पोस्ट शेयर की है, उनमें सनी कौशल दिखाई दे रहे है। सनी कौशल का ये लुक आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है।

# शाहिद डेब्यू वेब सीरीज फर्जी की सफलता से उत्साहित

■ नई दिल्ली, ईएमएस।




बालीवुड एक्टर शाहिद कपूर अपनी डेब्यू सीरीज वेब सीरीज फर्जी की सफलता से उत्साहित हैं। फर्जी बीती 10 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गई थी। हालांकि यह दर्शकों को खासी पसन्द आई। कहने का तात्पर्य है कि फर्जी से शाहिद कपूर का ओटीटी डेब्यू सफल रहा है। सिने गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि इस सीरीज के निर्माता निर्देशक डीके-राज इसके दूसरे भाग की तैयारियों में लग गए हैं। अपनी डेब्यू सीरीज के दूसरे भाग के बारे में स्वयं शाहिद कपूर बड़ा खुलासा किया है। हाल ही में एक प्रोग्राम में पहुँचे शाहिद कपूर ने फर्जी को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि वह अपनी डेब्यू वेब सीरीज को मिले इतने प्यार से काफी खुश हैं। इसे ना सिर्फ भारत में बल्कि ग्लोबली भी काफी पसंद किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने वेब सीरीज की सक्सेस के लिए पूरी टीम को क्रेडिट दिया। इस दौरान फर्जी के दूसरे सीजन के सवाल पर शाहिद कपूर ने कहा कि उन्हें यकीन है वेब सीरीज का दूसरा सीजन बनेगा लेकिन इसमें समय लगता है।

# उपासना ने अफवाहों पर लगा दिया विराम

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



साउथ के अभिनेता राम चरण और उनकी उद्यमी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनिडेला उपासना ने उन अफवाहों पर विराम लगा दिया है, जिसमें कहा जा रहा था कि उनका पहला बच्चा अमेरिका में जन्म लेगा। उपासना ने कहा है कि उनका बच्चा भारत में ही जन्म लेगा। दिसंबर 2022 में उपासना के गर्भवती होने की खबर सामने आई थी। अपोलो हॉस्पिटल्स में सीएसआर की वाइस चेयरपर्सन उपासना अपने देश में अपने बच्चे को जन्म देने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, उपासना ने ट्विटर पर स्पष्ट किया कि उनकी डिलीवरी भारत में होगी। उपासना ने ट्वीट करते हुए लिखा, मैं अपने देश भारत में अपने पहले बच्चे को जन्म देने के लिए उत्साहित हूं। अपोलो अस्पतालों में ओबी/जीवाईएन टीम में डॉ सुमना मनोहर और डॉ रूमा सिन्हा शामिल होंगे। इसके अलावा, डॉ. जेनिफर एश्टन, एक बोर्ड-प्रमाणित ओब-जीन, लेखक और यूएस से टीवी मेडिकल कॉरेस्पोंडेंट भी उस टीम का हिस्सा होंगी जो दंपति के बच्चे की डिलीवरी करेगी। बता दें कि पॉपुलर न्यूज शो गुड मॉर्निंग अमेरिका में राम चरण की उपस्थिति के बाद से अटकलें लगाई जाने लगीं थी कि कपल अमेरिका में अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की योजना बना रहे हैं।

# अपने रोल को लेकर झिझक रहे थे कपिल शर्मा

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



एक्टर-कॉमेडियन कपिल शर्मा अपनी अपकमिंग फिल्म ज्विगाटो को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। ज्विगाटो में फूड डिलिवरी पार्टनर की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने शेयर किया कि शुरूआत में वह फिल्म में अपने किरदार को लेकर झिझक रहे थे। इसके पीछे कारण यह था कि फिल्म एक मूविंग ड्रामा है और वह अपने कॉमेडियन इमेज के साथ लगभग 2 दशकों से हर घर में फेमस है। उन्होंने कहा कि फिल्म के लिए नंदिता मैम ने मुझसे संपर्क किया और मुझे कहानी पसंद आई, लेकिन मैं इस बात से अच्छी तरह वाकिफ था कि अगर आप एक कॉमेडियन हैं तो दर्शक आपके गंभीर किरदारों से खुद को जोड़ नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा, सब मुझे 15-20 साल से देख रहे हैं, टेलीविजन पर हंसते हुए, मुस्कुराते हुए, मस्ती करते हुए तो, ऐसे में दर्शकों को मेरे एक गंभीर किरदार के रूप में कल्पना करने में थोड़ी परेशानी आती है।

## नर्सिंग कॉलेज माफियाओं पर हाईकोर्ट की नकेल

# 570 नर्सिंग कॉलेजों की सीबीआई जांच के आदेश




जबलपुर, यशभारत। प्रदेश भर में नर्सिंग कॉलेजों में चल रहे फर्जीवाड़ को लेकर हाईकोर्ट की सख्ती बनी हुई है। इसके चलते मप्र हाईकोर्ट ग्वालियर की युगलपीठ ने प्रदेश के सभी निजी 570 नर्सिंग कॉलेजों की सीबीआई से जांच कराने के आदेश दिए हैं। इससे एक दिन पहले मेडीकल यूनिवर्सिटी जबलपुर द्वारा आईएनसी के नियमों की अनदेखी कर कराई जा रहीं बीते सत्र 2020-21 की परीक्षाओं पर भी रोक लगा दी थी। कोर्ट के इन दोनों बड़े फैसलों से मप्र के नर्सिंग माफिया को लगातार दो बड़े झटके लगे हैं। वहीं नर्सिंग कोर्सों में कमीशन पर बाहरी छात्र-छात्राओं के एडमिशन कराने वाले दलालों की भी नींद उड़ गई है। बीते सत्र 2020-21 की बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग सहित एमएससी नर्सिंग की परीक्षाएं देने के लिए बड़ी संख्या में बाहरी छात्र आ गए थे। मंगलवार से परीक्षा होना थी, इससे एक दिन पहले सोमवार को एडवोकेट दिलीप शर्मा की याचिका पर हाईकोर्ट ने परीक्षा को स्टे कर दिया। याचिका में बताया गया था कि कई नर्सिंग कॉलेजों ने नियम विरुद्ध तरीके से परीक्षा के कुछ दिन पहले ही मोटी फीस में बीते सत्र की रिक्त सीटों पर प्रवेश दिए। इधर प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों के एडमीशन में फिर से फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जा रहा। आलम यह है कि बीते सत्र 2020-21 में अब जाकर प्रवेश कए गए हैं। इस सत्र की संबंद्वता देने में मेडिकल निवर्सिटी जबलपुर के अफसरों द्वारा बरती गई परवाही बरती गई है।

### इन बिंदुओं पर जांच की जा रही

- कॉलेजों का संचालन कैसे होता है। इनके पास खुद के भवन हैं या नहीं। मान्यता व संबद्धता की गाइडलाइन का पालन कर रहे हैं या नहीं है। एक कमरे में तो नहीं चल रहे हैं।
- कितने विद्यार्थियों ने कॉलेज में प्रवेश लिया और उन्होंने कॉलेज में पढ़ाई की या नहीं।
- इंडियन नर्सिंग काउंसिल की मान्यता देने में क्या भूमिका रही। किस आधार पर उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी किया गया। काउंसिल से कॉलेज संचालन की इजाजत कैसे मिली।
- मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी व मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल की मान्यता व संबद्धता मैं क्या भूमिका रही। जिस रिकार्ड की जांच करें, उसे जब्त कर सुरक्षित किया जाए।
- प्रदेश के हर नर्सिंग कालेज का सत्यापन किया जाए। कॉलेजों की स्थापना कब हुई। मान्यता व संबद्धता की भी जांच की जाए।
- प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित कराई गई या नहीं। कॉलेजों के पास स्टाफ है या नहीं।

### कोर्ट ने कहा- लोगों को सीबीआई पर भरोसा है

कोर्ट ने ग्वालियर अंचल के 35 नर्सिंग कॉलेजों की जांच के मामले की सुनवाई के दौरान नर्सिंग में फर्जीवाड़ा पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट की युगलपीठ ने सीबीआई के डीएसपी से कहा कि सीबीआई पर अब भी लोगों का भरोसा है, इसलिए नर्सिंग कॉलेजों की जांच ऐसी होना चाहिए कि अवैध को वैध करने का जो खेल चल रहा है, वह पूरी तरह से बंद हो जाए। अच्छे कालेज संचालित हो सकें, अस्पतालों को योग्य नर्सिंग स्टाफ मिल सके, क्योंकि यह मामला लोगों के स्वास्थ्य से भी जुड़ा है। सीबीआई ने कहा कि जिन नौ कॉलेजों की जांच के बाद स्टेटस रिपोर्ट पेश की थी, उसमें जांच में ज्यादा कुछ नहीं किया गया। इससे कोर्ट संतुष्ट नहीं था। इसलिए कोर्ट ने प्रदेश के सभी 570 कॉलेजों की जांच पूरी करने के लिए सीबीआई को तीन महीने का समय दिया है। 14 जून को याचिका की फिर से सुनवाई होगी। सीबीआई को जांच कैसे करनी है, उसकी दिशा भी कोर्ट ने बताई। याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित आर्या व न्यायमूर्ति सत्येंद्र कुमार सिंह ने की।

### 2010 से जारी है गड़बड़झाला

सीबीआई की ओर से बताया गया कि जांच के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। प्रदेश में 700 नर्सिंग कॉलेज हैं, जिसमें 570 कॉलेजों की जांच होनी है। इसमें समय लगेगा। अभी नौ कॉलेजों की जांच की थी। जिसमें एक कॉलेज बंद हो गया है। एक कॉलेज संचालक ने अंदर नहीं जाने दिया। कॉलेजों को संबद्धता व मान्यता देने में जो गड़बडियां की जा रही हैं, वह 2010 से जारी हैं, लेकिन संबद्धता व मान्यता का रिकार्ड पांच साल पुराना मिल पा है। पांच साल से पहले का रिकार्ड नहीं मिल रहा है। मान्यता देने के लिए कॉलेज में जितने भी विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया, कॉलेजों के निरीक्षण किए गए थे और एक-एक उनके भी रिकार्ड की जांच की जाए। टीम ने 100 कॉलेजों के निरीक्षण कर मान्यता व संबद्धता की अनुशंसा की है।

## विधानसभा चुनाव : चढ़ने लगा सियासी पारा

# भाजपा, कांग्रेस नटबोल्ड टाईट करने में जुटी



जबलपुर यशभारत। एक तरफ मौसम का तापमान बढ़ रहा है, दूसरी तरफ सियासी पारा भी चढ़ रहा है। विधानसभा चुनाव की बिसात बिछना शुरु हो गई है। कांग्रेस भाजपा जानते हैं कि इस बार महाकौशल से ही राजधानी की राह निकलेगी। प्रदेश के हर क्षेत्र में रुझान महसूस किये जा रहे हैं। लेकिन महाकौशल में कोई भी पार्टी की स्थिति स्पष्ट नहीं है। करीब तीन दर्जन से अधिक विधानसभा सीट वाले महाकौशल को साधने के लिये जबलपुर को केन्द्र बनाकर नीति रणनीति बनाने का क्रम जारी है। कहा जा रहा है की इसमें दो राय नहीं की विधानसभा चुनाव की गर्मी में नीति रणनीति बनेगी, बारिश में मैदानी काम शुरु होगा और ठंड में अग्नि परीक्षा की घड़ी आएगी। साल की शुरुआत में सीएम शिवराज राजकाज छोड़कर शिवराज दो दिन जबलपुर में रहे, फिर कमलनाथ पनागर में ग्रामीण वोटर साधते नजर आए। व्हीडी शर्मा हर दूसरे सप्ताह जबलपुर में नजर आ रहे हैं। तो अब कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व महासचिव तथा समन्वय समिति के प्रभारी जेपी अग्रवाल जबलपुर संगठन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय बनाने डेरा डाले हुये हैं। कांग्रेस, भाजपा दोनों ही अपने-अपने ढीले नटबोल्डों को कसना शुरु कर दी है ताकि चुनाव आते तक सब कुछ ठीक रहे। इसी बीच आम आदमी पार्टी भी ताल ठोक रही है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राज्यसभा सांसद संदीप पाठक हाल ही में जबलपुर होकर गए और उन्होंने पार्टी में गुटबाजी पर जमकर फटकार लगाई।

### गुलजार में अग्रवाल का मंथन

बुधवार को पूरे दिन होटल गुलजार में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी एवं महासचिव जेपी अग्रवाल ने पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मंथन बैठक की। मंथन का प्रमुख बिन्दु संगठन, जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के समन्वय स्थापित कर कार्यकर्ताओं को एक शफ में लाकर जिले में विधानसभा चुनाव का शंखनाथ करना था। जिसके लिये जिले के सभी जीते-हारे विधायक, पूर्व प्रत्याशी जिला-जनपद पंचायत के वर्तमान तथा पूर्व अध्यक्ष-वार्ड पार्षदों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को बुलाया गया है।

### जीते हुये समानान्तर कांग्रेस न चलाएं

अग्रवाल का कहना है कि हारे-या जीते हुए विधानसभा क्षेत्रों के असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को समझाना जरूरी है। जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे समझा-बुझा कर आपसी विवाद निपटा कर कार्यकर्ता को सक्रिय करें। ऐसा नहीं हो सकता कि जो जीत गया है वो अपनी समानान्तर कांग्रेस चलाने लगे और हार जाए तो ठीकरा असंतुष्टों के ऊपर फोड़ दे। इसके चलते आज की बैठक में तय किया जा रहा है कि असंतुष्टों को घर जा कर मना कर सक्रिय करना होगा। उन्होंने जोर दिया कि असंतुष्ट चल रहे कांग्रेसियों को संतुष्ट करना और यह समझाना है कि सिर्फ सांसद-विधायक के भरोसे चुनाव नहीं जीता जा सकता है, सांसद विधायकों के साथ संगठन की यह प्राथमिकता होना चाहिए कि सभी संतुष्ट रहे।

### भोपाल बुलाए गये भाजपा नेता

मार्च के शुरु में जबलपुर में रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा ने जबलपुर के पदाधिकारियों को शनिवार को भोपाल तलब किया था। जानकारी के मुताबिक सभी 17 प्रकोष्ठों से जुड़े पदाधिकारियों के साथ भोपाल में व्हीडी ने अहम बैठक की और दिशा निर्देश जारी किये। जानकारी के मुताबिक उन्होंने भाजपा नेताओं के बीच आंतरिक मनभेदों को दूर करने पर जोर दिया, वहीं जो मनभेद दूर न करे उसे पार्टी से दूर करने को कहा गया।

# बेटी के साथ गलत काम करने वाले पिता को 20 साल की जेल 5 हजार का जुर्माना भी लगा

### अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

जबलपुर यशभारत। अपर सत्र न्यायाधीश पाटन विवेक कुमार की अदालत ने अपरिपक्व बेटी को निरीह शिकार समझकर अपनी हवस का शिकार बनाने वालें पिता को दोषी ठहराते हुए 20 साल के कठोर कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक गत 16 दिसंबर 2020 को नाबालिग लड़की कक्षा 8वीं तक पढ़ी है। घर में अपनी मम्मी के साथ सो रही थी। रात्रि करीब 12 बजे के लगभग उसके पापा उसके पास कब आकर सोये, उसे नहीं पता, परंतु जब उसके पापा ने गलत काम करने की कोशिश की तो जिससे उसकी नींद खुल गयी और वह चिल्लाई, मम्मी और बहन को जगाया और बताया कि पापा उसके साथ गलत हरकत कर रहे है, तभी मम्मी ने पापा को बहुत चिल्लाया। इसके बाद वह अपनी मम्मी और बहन के साथ पाटन पुलिस थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धारा 376, 376(1), 376(2)(च), 376(3), 376एबी एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3, 4, 5एम, 5एन, 6 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की और न्यायालय में चालान पेश किया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पैरवी की जिनके तर्को से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया और धारा 6 सहपठित धारा 5(एम) एवं (एन) पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।

# महिला बाल विकास के अमले ने मुख्यमंत्री को भेजे पोस्टकार्ड

### लाड़ली बहना योजना पर हड़ताल का असर

जबलपुर यशभारत। सरकार एक तरफ लाडली बहना योजना की ब्रांडिंग करने में जुटी हुई है। लेकिन जिन बहनों और भाईयों को इस योजना को जमीन पर क्रियान्वित करना है वे ही सरकार से असंतुष्ट हैं। महिला बाल विकास विभाग का मैदानी अमला शुक्रवार को सामूहिक अवकाश पर रहा। परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के अवकाश पर चले जाने से बच्चों को शुक्रवार को न नास्ता मिला और न ही मध्यान्ह भोजन। जिले की तेरह परियोजनाओं के दफ्तर भी सूने पड़े रहे। अपनी मांगों के समर्थन में परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर्स ने मुख्यमंत्री के नाम सामूहिकरूप से पोस्टकार्ड भेजे। गत दिन परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर्स के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम संभाग आयुक्त, कलेक्टर और विभाग के संयुक्त संचालक को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखी थी। आंदोलन करने वालों का कहना है कि 14 तक मांगें नहीं मानी जातीं तो वे 15 मार्च से अनिश्चित कालीन अवकाश पर चले जाएंगे। अब यहां गौर करने वाली यह है की लाड़ली लक्ष्मी योजना का शुभारंभ हो चुका है और 15 से योजना के फॉर्म भरे जाएंगे।

### 30 सालों से मांगें लंबित

परियोजना अधिकारी संघ का कहना है कि परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक का देश में सबसे न्यूनतम वेतन मध्यप्रदेश में है तथा 2018 से वेतनमान बढ़ाने के लिए फाइल वित्त विभाग के पास लंबित है। शासन के स्तर पर पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी की वेतन विसंगति की मांग विगत 30 वर्षों से लंबित है, 35 वर्ष की सेवा के उपरांत पर्यवेक्षक को तथा 25 वर्ष की सेवा के उपरांत परियोजना अधिकारी को पदोन्नति का लाभ नहीं मिल रहा है।जिस पर विगत 5 वर्षों से कोई संज्ञान नहीं लिया गया।




# मतदाताओं के नाम सूची से काटे जाने को लेकर कांग्रेसियों का फूटा आक्रोश

जबलपुर यशभारत। केंट के बगीचा और कंपाउंड क्षेत्र के करीब 25 हजार मतदाताओं के नाम अतिक्रमण के नाम पर केंट बोर्ड की मतदाताओं सूची से हटाए जाने के विरोध में कैंट कांग्रेस के पदाधिकारियों का गुस्सा फूट पड़ा। केंट बोर्ड के उपाध्यक्ष अभिषेक चिंटू चौकसे ने बताया कि आज केंट के



कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा केंट बोर्ड कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया गया और मांग की गई की अप्रैल में होने वाले केंट बोर्ड चुनाव के पहले बगीचा और केंट कंपाउंड के 25 हजार

### केंट बोर्ड कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन, मतदाताओं के नाम जोड़े जाने की मांग को किया बुलंद

मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े जाएं। उपाध्यक्ष ने साफ कहा है कि वोट देने से 25 हजार मतदाताओं को वंचित रखना सबसे बड़ा दुर्भागयपूर्ण है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कैंट के बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे।

























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)